Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -85 मंगलवार ,24 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया,उसने ईश्वर को मूर्तिमान कर लिया।
-विनोबा भावे-

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं राज्यपाल



**मुंबई , 23 जनवरी, 2023 (ए)।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने इस्तीफे की इच्छा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष व्यक्त कर दी है। उन्होंने पीएम से कहा है कि वे सभी राजनैतिक जिम्मेदारियों से मुक्त होकर जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल अकसर पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने के आरोप को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहते हैं।

### राजौरी में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी,दो आईईडी को किया नष्ट

**राजौरी/जम्मू, 23 जनवरी, 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एक नियंत्रित विस्फोट कर दो आईईडी नष्ट किए गए. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि पुलिस, सेना और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के संयुक्त अभियान के दौरान



राजौरी शहर से चार किलोमीटर दूर दसल गांव से रविवार शाम आईईडी बरामद किए गए. उन्होंने बताया कि इन आईईडी का खुफिया जानकारी के आधार पर पता लगाया गया. उन्होंने बताया कि इन आईईडी को शहर से 30 किलोमीटर दूर चिनगुस वन क्षेत्र में बम निरोधक दस्ते ने एक नियंत्रित विस्फोट करके नष्ट कर दिया.

# उत्तरकाशी का भटवाड़ी गांव भी भू-धंसाव की चपेट में

### हर भवन पर बड़ी-बड़ी दरारें

**उत्तरकाशी, 23 जनवरी, 2023 (ए)।** जोशीमठ, रुद्रप्रयाग के बाद अब उत्तराखंड के उत्तरकाशी का भी अब एक गांव ओर भू धंसाव की समस्या से जूझ रहा है। यह पिछले 12 सालों से लगातार भू धंसाव हो रहा है। प्रदेश के कई गांवों ऐसे है जहाँ जोशीमठ जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं, जहां लोग आज भी विस्थापन की आस में लगे हुए हैं।
उत्तरकाशी के तहसील मुख्यालय भटवाड़ी का मूल गांव 12 सालों से लगातार भू धंसाव की चपेट में है। गांव के हर आवासीय भवन पर बड़ी-बड़ी दरारें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वह हर साल दरारों की मरम्मत करते हैं, लेकिन साल दर साल दरारें बढ़ती जा रही हैं। भटवाड़ी की स्थिति जोशीमठ जैसी ही है। लेकिन 12 वर्षों बाद भी प्रशासन गांव का विस्थापन नहीं करा पाया है।
गौर हो कि साल 2010 में भटवाड़ी गांव में भू धंसाव के चलते 49 आवासीय भवन जमींदोज हो गए थे। साथ ही गंगोत्री नेशनल हाईवे का एक हिस्सा नदी में समा गया था। प्रशासन ने 50 परिवारों को जल विद्युत निगम की कॉलोनी में शिफ्ट किया था, जो आज भी वहीं रह रहे हैं। साल 2010 से लगातार हो रहे भू धंसाव के चलते अब गांव के सभी मकान भूधंसाव की चपेट में हैं। गांव में अभी भी करीब 150 परिवार



निवास कर रहे हैं।
इन ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया जाए। वहीं प्रशासन का कहना है कि 49 परिवारों के विस्थापन की प्रक्रिया गतिमान है। अन्य मकानों के लिए भूगर्भीय सर्वे के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।
भटवाड़ी केवल भू धंसाव से ही खतरे में नहीं है बल्कि जोन फाइव में होने के कारण भूकंप के लिए भी संवेदनशील है। दरारों से जर्जर भवन हल्के से भूकंप में जमींदोज हो सकते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि करीब 10 सालों से वह रतजगा ही कर रहे हैं।
भटवाड़ी तहसील मुख्यालय है। जिसका मुख्यालय भी भटवाड़ी में है। लेकिन 2010 से उक्त तहसील भी जिला मुख्यालय से ही संचालित होती है। एसडीएम भटवाड़ी का कार्यालय जिलाधिकारी कार्यालय परिसर के समीप संचालित होता है। जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्थानीय निवासी तहसील भटवाड़ी में संचालित किए जाने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। वहीं एसडीएम भटवाड़ी सीएस चौहान ने बताया कि गांव के 49 परिवारों के विस्थापन की प्रक्रिया गतिमान हैं। इन प्रभावितों को 2 लाख की पहली किश्त भी दे दी गई है।

# पैरा-ग्लाइडर,ड्रोन और हॉट एयर बलून सहित कई गतिविधियों पर रोक

### पुलिस ने तेज की पैट्रोलिंग

**नई दिल्ली , 23 जनवरी, 2023 (ए)।** गणतंत्र दिवस 2023 को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने राजधानी में कई ऐसी गतिविधियों पर रोक लगा दी है, जो सुरक्षा को देखते हुए नुकसानदायक हो सकती है। पुलिस ने दिल्ली में पैरा-ग्लाइडिंग, ड्रोन सहित कई ऐसी चीजों पर रोक लगा दी है।
दिल्ली पुलिस ने बताया कि सोमवार से 15 फरवरी तक पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, हैंग ग्लाइडर, मानव रहित हवाई वाहन, मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस), माइक्रो-लाइट विमान, दूर से संचालित विमान, हॉट एयर बलून, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाडकोप्टर की उड़ान पर रोक लगा दी है।




### दिल्ली पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

उत्तरी दिल्ली के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि 26 जनवरी को लेकर चेकिंग और पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। सोमवार को दिल्ली पुलिस ने होटल्स, गेस्ट हाउस और सिनेमा हॉल में जाकर जांच पड़ताल की। यहां रह रहे लोगों से पूछताछ की। बड़े बाजारों में भी सुरक्षा मजबूत कर दी गई है। हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए बॉडी कैमरा का भी इस्तेमाल हो रहा है। साथ ही लाल किले की सुरक्षा बढ़ा दी है। परेड रूट के 3 किमी तक हमने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

## जजों की नियुक्ति में टकराव

### रिटायर्ड जज जस्टिस सोढी का बड़ा बयान... बोले- मेरे कंधे पर बंदूक रखकर ना चलाई जाए

**नई दिल्ली , 23 जनवरी, 2023 (ए)।** जजों की नियुक्ति को लेकर केंद्र और सुप्रीम कोर्ट के बीच जारी टकराव के बीच रिटायर्ड जज जस्टिस आरएस सोढी काफी चर्चा में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज आरएस सोढ़ी ने सोमवार (23 जनवरी, 2023) को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू को नसीहत देते हुए कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रणाली को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच चल रही खींचतान में उनके कंधे पर रखकर बंदूक ना चलाएं।



किरेन रिजिजू द्वारा उनके इंटरव्यू का एक वीडियो शेयर किए जाने के बाद पूर्व जज का यह बयान आया है। एक मीडिया हाउस के साथ बातचीत में सोढी ने कहा कि ये कैसे हो सकता है कि कुछ जज मिलकर ही जजों की नियुक्ति करें। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में होम, सचिवालय, कॉलेजियम सिस्टम फेल हुआ। दो-तीन जज मिलकर कैसे तय कर सकते हैं? संसद कानून बनाने में सुप्रीम है, लेकिन कानून का परीक्षण करने में सक्षम है सुप्रीम कोर्ट। जजों की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक आलोचना से बचें संवैधानिक संस्थाएं, इस मामले का बैठकर हल निकालें।

# भ्रष्ट अधिकारियों के भरोसे मुख्यमंत्री बदलेंगे गरीबों की जिंदगी

**भोपाल, 23 जनवरी, 2023 (ए)।** जिन भ्रष्ट अधिकारी के कारनामे से विगत दिनों स्वयं मुख्यमंत्री परिचिति हुए थे उन्हीं भ्रष्टाचार की कार्यशैली वाले अधिकारियों की बदौलत प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के गरीबों की जिंदगी बदलने का दावा कर रहे हैं सवाल यह उठता है कि जिस भ्रष्टाचार की कार्यशैली वाले अधिकारी ने मुख्यमंत्री को अपने कारनामे से परिचित कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी जिस लोक निर्माण विभाग के पीआईयू में वह अधिकारी है उसने अपनी पदस्थापना के दौरान कितने और काले कारनामे उसके द्वारा निर्माण कार्यों में किये गये होंगे, यह स्थिति तब है जबकि मुख्यमंत्री यह दावा करते नहीं थकते कि मप्र में भ्रष्ट अधिकारियों के लिये मप्र में कोई जगह नहीं है वह मप्र छोड़ दें? मुख्यमंत्री के साथ घटी इस भ्रष्ट अधिकारी की घटना के बावजूद भी सीएम द्वारा उसे छोड़ देना और उस पर कोई सख्त कार्यवाही नहीं करना सीएम की भ्रष्ट अधिकारियों को दी जाने वाली



चेतावनी को लेकर तमाम सवाल खड़े कर रही है इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है? सवाल यह उठता है कि जब सीएम ही इस तरह के अधिकारियों को छोड़ देंगे कि लोक निर्माण विभाग में अधिकांश अधिकारी मलाईदार पद पर पदस्थ हैं जिनके स्वयं के जाति प्रमाण पत्र पर ही सवाल उठ रहे हैं? ऐसे अधिकारियों के रहते क्या सीएम इस प्रदेश के गरीबों की जिंदगी में बदलाव ला पाएंगे जो छोटे से कार्य के लिये करोड़ों रुपये का इस्टीमेट प्रस्तुत करते हैं उसे देखकर सीएम स्वयं आश्चर्य में पड़ जाते हैं? लेकिन खाली डांट पिलाने से ही वह अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर उसे छोड़ देते हैं? सवाल यह उठता है कि जब पीआईयू में जब ऐसे भ्रष्ट अधिकारी मौजूद हैं तो मप्र में अन्य विभागों की क्या स्थिति होगी, क्या ऐसे अधिकारियों के रहते भ्रष्टाचार रुक सकेगा शायद यही वजह है कि प्रदेश में आये दिन जांच एजेंसियों द्वारा पटवारी से लेकर उच्च अधिकारियों को आयेदिन रिश्वत लेते हुए पकडने की घटनायें सुर्खियों में बनी रहती हैं?

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ याचिका की खारिज



**नई दिल्ली,23 जनवरी, 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने 2018 में राजस्थान के अलवर में चुनाव प्रचार के दौरान कथित आपत्तिजनक भाषण देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी.
न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि वह मामले में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती. पीठ ने कहा कि ऐसे मुकदमे सिर्फ पेज 1 (अखबारों) के लिए होते हैं. इसे खारिज किया जाता है. याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था. उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी और याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया था. यह याचिका मऊ जिले के नवल किशोर शर्मा ने दायर की थी.

## पनडुब्बी 'आईएनएस वागीर भारतीय नौसेना में शामिल

### एमडीएल ने फ्रांस के 'मैसर्स नेवल ग्रूप के सहयोग से किया निर्माण

**मुंबई,23 जनवरी, 2023 (ए)।** कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों की पांचवीं पनडुब्बी 'आईएनएस वागीर को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया, जिससे बल की ताकत और बढ़ेगी। 'आईएनएस वागीर का निर्माण 'मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस के 'मैसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से किया है। नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में इसे नौसेना में शामिल किया गया।भारतीय नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी दुश्मन को रोकने की भारतीय नौसेना की क्षमता में इज़ाफा करके भारत के समुद्री हितों को आगे बढ़ाएगी। यह संकट के समय में निर्णायक वार करने के लिए खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) अभियान के संचालन में भी मददगार साबित होगी। नौसेना के अनुसार, 'वागीर का अर्थ 'सैंड शार्क है, जो तत्परता एवं निर्भयता के भाव को प्रतिबिंब करती है। एडमिरल कुमार ने 'आईएनएस वागीर को दुर्जेय हथियारों से लैस अत्याधुनिक 'स्टील्थ तकनीक




वाली घातक पनडुब्बी बताते हुए कहा कि इसकी क्षमता व मारक क्षमता न केवल नौसेना की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि देश की प्रतिरोधक क्षमता में भी इज़ाफा करेगी। कुमार ने कहा कि 'आईएनएस वागीर पिछले 24 महीनों में नौसेना में शामिल की गई चौथी पनडुब्बी है। एमडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नारायण प्रसाद ने कहा कि 'आईएनएस वागीर ने फरवरी 2022 से 11 महीने में समुद्री परीक्षण पूरा किया। नौसेना के अनुसार, 'आईएनएस वागीर दुनिया के कुछ बेहतरीन 'सेंसर और हथियारों से लैस है, जिसमें 'वायर गाइडेड टॉरपीडो और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं, जो दुश्मन के बड़े बेड़े को बेअसर कर सकती हैं। नौसेना के अनुसार, पनडुब्बी में विशेष अभियानों के लिए समुद्री कमांडो को पानी में उतारने की क्षमता है, जबकि इसके शक्तिशाली डीज़ल इंजन 'बैटरी को बहुत जल्दी चार्ज कर सकते हैं। आत्मरक्षा के लिए इसमें अत्याधुनिक 'टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम लगाया गया है। कलवरी पनडुब्बियों में से अंतिम 'वागशिर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसे मार्च-अप्रैल में पहली सतही समुद्री यात्रा शुरू करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

## कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक ने राहगीरों को कुचला, छह लोगों की दर्दनाक मौत

**उन्नाव , 23 जनवरी, 2023 (ए)।** उन्नाव जिले के लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर बीती देर रात तेज रफ्तार एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी और फिर राहगीरों को कुचल दिया। इससे छह लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती करा दिया गया है। हादसा लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचलगंज थाना अंतर्गत आजाद मार्ग चौराहे के पास हुआ।




आजाद मार्ग चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने एक कार और बाइक को टक्कर मार दी और बाद में राहगीरों को कुचल दिया। इसी दौरान डंपर चार पहिया वाहन को घसीटता हुआ खाई में गिर गया। ट्रक की चपेट में आई कार में करीब चार से पांच लोग फंसे बताए जा रहे हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान का जायजा लिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने हाईवे जाम कर दिया।
इलाके के आक्रोशित स्थानीय लोगों द्वारा किए गए पथराव किया और एक रोडवेज बस में भी तोड़फोड़ की। गुस्साई भीड़ ने उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे एक कांस्टेबल के साथ भी मारपीट की। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और राजमार्ग पर यातायात बहाल किया।

# पत्रकार राणा अय्यूब की याचिका पर 25 जनवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीमकोर्ट

### लोगों को धोखा देने और 2.69 करोड़ के चैरिटी फंड का इस्तेमाल करने का आरोप




**नयी दिल्ली, 23 जनवरी, 2023 (ए)।** सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह पत्रकार राणा अय्यूब की उस याचिका पर 25 जनवरी को सुनवाई करेगा, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए (धन-शोधन निवारण अधिनियम) अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी गई है। उनकी वरिष्ठ वकील ने जब चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस वी रामासुब्रमणियन और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया, तो पीठ ने इस मामले की सुनवाई 25 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। ग्रोवर ने न्यायालय से कहा कि इस मामले पर जिस पीठ को सोमवार को सुनवाई करनी थी, वह उपलब्ध नहीं है और उन्होंने पीठ ने आज अपराह्न 2 बजे तक के लिए सुनवाई स्थगित किए जाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, 'हम इस पर परसों एक उचित पीठ के सामने सुनवाई करेंगे। आज ऐसा करना मुश्किल होगा। इससे पहले, 17 जनवरी को चीफ जस्टिस के नेतृत्व वाली पीठ ने वृंदा ग्रोवर की दलीलों पर गौर किया था और तत्काल सुनवाई के लिए याचिका को सूचीबद्ध करने के संबंध में विचार करने पर सहमति जताई थी। ग्रोवर ने कहा था कि गाजियाबाद की विशेष अदालत ने अय्यूब के खिलाफ 27 जनवरी के लिए समन जारी किया है, इसलिए मामले को तत्काल सूचीबद्ध किया जाए। अय्यूब ने अपनी रिट याचिका में अधिकार क्षेत्र नहीं होने का हवाला देते हुए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गाजियाबाद में शुरू की गई कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध किया है, क्योंकि धन शोधन का कथित अपराध मुंबई में हुआ था।

## सुनवाई के लिए 3 सदस्यीय पीठ गठित करने पर विचार करेगा सुप्रीमकोर्ट

### कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब विवाद

**नयी दिल्ली, 23 जनवरी, 2023 (ए)।** सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने से संबंधित मामले में फैसला लेने के लिए 3 न्यायाधीशों की पीठ गठित करने पर विचार करेगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा की दलीलों का संज्ञान लिया कि राज्य में 6 फरवरी से कुछ कक्षाओं के लिए निर्धारित प्रैक्टिकल परीक्षाओं के मद्देनजर एक अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। कुछ छात्राओं की तरफ से पेश अरोड़ा ने कहा, यह हिजाब मामला है। छात्राओं की 6 फरवरी 2023 से प्रैक्टिकल परीक्षाएं हैं और इस मामले को अंतरिम आदेश के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जरूरत है, ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सकें। प्रैक्टिकल परीक्षाएं सरकारी स्कूलों में होंगी। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, मैं इस पर विचार करूंगा। यह तीन न्यायाधीशों की पीठ का मामला है। हम एक तारीख तय करेंगे। शीर्ष अदालत की 2 सदस्यीय पीठ ने पिछले साल 13 अक्तूबर को हिजाब विवाद में खंडित फैसला सुनाया था। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया था कि कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से उपजे विवाद में



फैसला लेने के लिए एक उपयुक्त पीठ का गठन किया जाए। जस्टिस हेमंत गुप्ता (जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं) ने जहां स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध से जुड़े कर्नाटक उच्च न्यायालय के 15 मार्च, 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था, वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कहा था कि राज्य के स्कूलों और कॉलेजों में कहीं भी हिजाब पहनने पर कोई पाबंदी लागू नहीं होगी।

# अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिया कई निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने सोमवार को पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में समस्त राजपत्रित अधिकारियो, थाना, चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा, लंबित मर्ग, शिकायत जांच निकाल, गुम इंसान, के सम्बन्ध में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देशित किया गया। समंस वारंट की स्तिथि में प्रसन्नता जाहिर की। समस्त थाना के मालखाना में जप्त सम्पती के भौतिक सत्यापन हेतु निर्देश दिए गए साथ ही अवैध मादक पदार्थों की खरीद बिक्री करने वाले शातिर तस्करों पर कार्रवाई कर नकेल कसने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को रात्रि गश्त के दौरान ड्यूटी मे तैनात अधिकारियों कर्मचारियों को सजग रहकर पेट्रोलिंग करने एवं संदिग्धो पर लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा छोटे से छोटे मामलो में भी थाना, चौकी स्तर पर त्वरित कार्यवाही कर हर संभव मदद कर आमजनता का विस्वास पुलिस पर बढ़ाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही चोरी के मामलो मे आरोपियों एवं उनसे सम्बंधित जानकारियों, घटना मे प्रयुक्त वाहनो का डाटाबेस रखने, चोरी के मामलो मे ज़मानत पर चल रहे आरोपियों पर निगाह रखने न्यायालय मे आरोपी के वर्तमान प्रकरण का व्योरा न्यायालय मे पेश कर ज़मानत निरस्तीकरण करवाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान थाना सीतापुर के 394, 34 आईपीसी 25,27 आर्म्स एक्ट मे फरार चल रहे आरोपी के सम्बन्ध मे पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा फरार आरोपी की जानकारी एवं गिरफ्तारी मे महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले पुलिस टीम या आमनागरिक को 10000 नगद इनाम देने हेतु घोषणा किया गया। साथ ही थाना सीतापुर क्षेत्र मे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु थाना प्रभारी सीतापुर को नगर पंचायत से समन्वय कर सीसीटीवी लगाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गए।



अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला अनुविभागिय अधिकारी पुलिस (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक एस एस पैकरा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात ईमानुवेल लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग, चौकी प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फिरदौशी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 7 माह की बच्ची के जबड़े के ट्यूमर का किया गया सफल ऑपरेशन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने 7 माह की बच्ची के जबड़े के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई है। ऑपरेशन चार घंटे तक चला है। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ्य है। सोमवार को उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।



बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी शितल मुंडा की 7 माह की बच्ची है। बच्ची के जन्म के कुछ दिन बाद उसका एक साइड का जबड़ा फूलना शुरू हो गया था। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। पहले यहां शिशु रोड विशेषज्ञ द्वारा इलाज किया गया पर जबड़े में कोई फर्क नहीं पड़ा। शिशु रोड विशेषज्ञों ने बच्ची को दंत विभाग में इलाज के लिए भेजे। यहां दंत विभाग के डॉक्टर अभिषेक हरिष ने एक्सरे व सीटी स्कैन करवाया। जांच में बच्ची के जबड़े में ट्यूमर पाया गया। 7 माह की छोटी बच्ची होने के कारण उसका ऑपरेशन करना भी बड़ा कठिन था। फिर भी चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक हरिश, एनिस्थितिसिया विभाग के एचओडी डॉ. मधुमिता मूर्ति ने शिशु रोड विशेषज्ञ की उपस्थिति में ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। चिकित्सकों ने 4 घंटे के मशक्कत के बाद दूधमुही बच्ची का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई है। इतने कम उम्र के बच्ची का ऑपरेशन कर पाना चिकित्सकों के लिए काफी कठिन था। पिर भी मासूम बच्ची की जान बचाने के लिए चिकित्सकों ने जोखिम उठाया और उसका सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद बच्ची को 6 दिनों तक विशेष निगरानी में आईसीयू में रखा गया था। चिकित्सक के अनुसार अब बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ्य है। उसे सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में चोरी की कोशिश, लॉकर तक नहीं पहुंचने पाए चोर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर के नमनाकला रिंग रोड में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शनिवार व रविवार की रात अज्ञात चोरों ने बैंक के शटर व चैन गेट का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की है। हालांकि चोर लॉकर तक नहीं पहुंच पाए। इस लिए चोरी करने में असफल रहे। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



जानकारी के अनुसार शहर के नमनाकला रिंग रोड में बैंक ऑफ बड़ौदा का शाखा है। शनिवार व रविवार दो दिन अवकाश रहने के कारण बैंक बंद था। सोमवार की सुबह 9.30 बजे बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो बैंक के सामने लगे शटर का तीन व एक पीछे का ताला टूटा था। कर्मचारियों ने मामले की जानकारी बैंक के मैनेजर रजनिश कुमार को दी। सूचना पर वह पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। बैंक मैनेजर के अनुसार बैंक में रखे सारे रुपए सुरक्षत है। चोर लॉकर तक नहीं पहुंचने पाए थे। वहीं कैश काउंटर में भी कुछ रुपए रखे हुए थे पर बैंक कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित तरीके से रखे जाने के कारण चोरों को रुपए पर नजर नहीं पड़ी। बैंक मैनेजर के अनुसार काउंटर पर रखे एक टैबलेट चोरी होने की बात कही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# वार्ड नंबर 48 में आज तक नहीं हो पाया है नाली का निर्माण

» **नाली का निर्माण ना होने के कारण घरों में घुस जाता है पानी**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 48 में आज तक नाली का निर्माण नहीं हो सका है। इस मामले को लेकर आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने अपने कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों के साथ नगर निगम पहुंच कर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि गंगापुर नमनाकला क्रीड़ापरिसर हॉस्टल के पीछे नालापारा-2, वार्ड नंबर-47 में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां नाली नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में घरों में पानी घुस जाता है। बरसात में कीचड़ और पानी के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। नालापारा-2 में सीसी रोड का निर्माण भी नहीं हो पाया है। वार्डवासियों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर समस्या दूर करने की मांग की है।



इस दौरान संजय बड़ा, अभिनव चतुर्वेदी, रवि गुप्ता, शुभम पटेल, सोनू सिंह, योगेश सिंह, विवेक दास, प्रेम कुमार रवि, अंश कुर्रे, ललिता मींज, सुमंती एक्का, कपमणी लकड़ा, कमला भगत, मीना केरकेट्टा, सोनू मांझी, सीता तिर्की, जलसु तिर्की, करन केरकेट्टा, रंजन मिंज,संजय बड़ा, राज कुजूर , गणेश, सुनिल, राजेश,नागेश्वर आदि उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो पलटने से घायल मासूम व युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

जशपुर जिले के दुलदुला चौक के पास अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलट गई। दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार सात साल का मासूम बालक, उसकी मां, पिता व पिता का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने मासूम बालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि इलाज के दौरान मृत बालक के पिता के दोस्त की भी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार जशपुर जिला निवासी सूरज प्रकाश 22 जनवरी को अपने बेटे शौर्य प्रकाश, पत्नी करूणा व दोस्त शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लड्डआ निवासी इश्वर के साथ स्कॉर्पियो से पिकनिक मनाने जा रहा था। रास्ते में जशपुर जिले के दुलदुला चौक के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटन में सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जशपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने सभी की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने 7 वर्षीय मासूम बालक शौर्य को मृत घोषित कर दिया। जबकि इलाज के दौरान इश्वर की मौत हो गई। वहीं मृत मासूम बालक की मां व पिता का इलाज चल रहा है।

# भूमि व्यवस्थापन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा कलेक्टर सरगुजा को ज्ञापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम पचपेड़ी क्षेत्र के निवासियों सोमवार का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि हमलोग लगभग 70 सालों से इस क्षेत्र में शासकीय भूमि पर मकान निर्माण कर निवास कर रहे हैं। वहीं शासन के आदेश के मुताबिक बाजार मूल्य का लगभग 152 प्रतिशत राशि जमा कर शासकीय भूमि का मालिकाना हक प्राप्त कर



सकते हैं। जिन लोगों ने फार्म जमा व बैंक में चालान के माध्यम से राशि जमा की थी उन्हें अब अपात्र सूची में डाल दिया गया है। और इस भूमि को मंडी उपयोग हेतु नगर निगम को आवंटित कर दिया गया था। वार्डवासियों का कहना है कि अब इस मंडी को दूसरे जगह सुभाष नगर में अलॉटमेंट कर दिया गया है अब हम लोगों को अपनी जमीन पर काबिज रहने दिया जाए और मालिकाना हक देते हुए उन्हें अपात्र की सूची से हटाकर पात्र कर दिया जाए।



# 125 के तहत सिर्फ पत्नि का ही नहीं बल्कि माता-पिता के संतान का भी भरण पोषण का अधिकार

» **नमनाकाला में हुआ विधिक सेवा शिविर का आयोजन**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर के सचिव अमित जिन्दल के निर्देश पर पीएलवी स्वाति चौबे ने नमनाकाला अम्बिकापुर में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि धारा 125 के तहत सिर्फ पत्नि का ही भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार नहीं है बल्कि माता-पिता तथा संतान को भी भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 4 के अनुसार एक वरिष्ठ नागरिक, जिसमें अभिभावक शामिल है, जो स्वयं अपनी आय से स्वयं द्वारा स्वामित्वाधीन सम्पत्ति से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है। अपनी संतान से भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकारी होगा तथा अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 5 के अनुसार भरण पोषण के आवेदन वरिष्ठ नागरिक के असमर्थ होने पर उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति या संगठन द्वारा भी दिया जा सकता है।

# मतदाता दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2023 को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश श्री आरबी घोरे होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री कुंदन कुमार करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, वनमंडलाधिकारी श्री पंकज कमल एवं आयुक्त नगर पालिका सुश्री प्रतिष्ठा ममगई उपस्थित रहेंगी।

उक्त कार्यक्रम दोपहर 12:50 से 2:50 तक आयोजित होगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वीप के नोडल अधिकारी अपना उद्बोधन देंगे। अपराह्न 1:10 बजे लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया जाएगा। अपराह्न 2:35 बजे रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बाधित,नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी शिव भजन सिंह मरावी से ग्रामीणों द्वारा खराब ट्रांसफॉर्मर की समस्या रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी ने सूरजपुर विद्युत विभाग अधिकारियों को अवगत कराया और दो दिवस के अंदर ट्रांसफर लगाने की मांग रखी।जिस पर अधिकारियों ने दो दिवस के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया है। क्योंकि हाथी प्रभावित है जिसके कारण आए दिन जान मान हाथ हाथी से हो रहा है बिजली कट जाने से रवि फसल होता है और कई चीज पढ़ाई की भी व्यवस्था वंचित होता है ।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमार प्रदेश महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भजन सिंह मरावी सुरेंद्र पटेल सरपंच पंच विलन पटेल सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन मिश्रा लालू खान समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।



## अब संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि अब संसदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े होंगे। वे 26 जनवरी को पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे व मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिले मे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के संबंध में संशोधित पत्र जारी कर दिया गया है।

# बाकी नदी के तट पर यादव समाज के द्वारा कराह पूजा का आयोजन

-नगर संवादाता-
बलरामपुर/रामानुजगंज, 23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज क्षेत्र के विजयनगर में बाकी नदी के तट पर यादव समाज के द्वारा कराह पूजा का आयोजन किया गया. इस पूजा की सबसे खास बात यह है कि खौलते हुए दूध से स्नान किया पांच घड़े में खौलते हुए दूध से स्नान किया।

आस्था और विश्वास का संयोग अनोखी है यह पूजा, खौलते दूध से किया स्नान.......

हमारे देश में मान्यताएं और परंपरा का अद्भुत संयोग दिखाई देता है ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आस्था और विश्वास के समागम को देखकर लोग अपने दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे. रामानुजगंज क्षेत्र के विजयनगर में बाकी नदी के तट पर यादव समाज के द्वारा कराह पूजा का आयोजन किया गया. इस पूजा की सबसे खास बात यह है कि खौलते हुए दूध से स्नान किया पांच घड़े में खौलते हुए दूध से स्नान किया. यह नजारा जिसने भी देखा वह सभी आश्चर्यचकित रह गए. इस पूजा को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ साथ अन्य पड़ोसी राज्यों के भी यादव समाज के लोग शामिल हुए.

### आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम, खौलते दूध से स्नान

विजयनगर में बाकी नदीतट पर कराह पूजा यादव समाज के प्रमुखों के द्वारा पूरे विधि- पूजा अर्चना की गई. आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम यहां देखने को मिला कराह पूजा के दौरान खौलते हुए 5 घड़े के दूध से जय श्री कृष्ण एवं महामाया मां की जयकारा लगाते हुए गोविंद भगत यादव ने स्नान किया.




### द्वापर युग से हो रही कराह पूजा

बनारस से आए गोविंद भगत यादव ने बताया उनका समाज भगवान श्री कृष्ण को अपना पूर्वज मानते हैं मान्यता के अनुसार भगवान श्री कृष्ण द्वापर युग में धरती लोक पर मनुष्य के रूप में आए थे इसलिए द्वापर युग से कराह पूजा होते आ रहा है साथ ही भगवान श्री कृष्ण भी यह पूजा करते थे.

### क्यों की जाती है कराह पूजा

यादव समाज के लोगों के बीच प्राचीन समय से यह मान्यता और परंपरा रही है कि कराह पूजा करने से हमारे आसपास की प्रकृति स्वच्छ हो जाती है इस पूजा से जन कल्याण भी होता है साथ ही वातावरण की शुद्धि के लिए भी यह पूजा पूरे विधि- विधान से किया जाता है कराह पूजा से किसी तरह की अनहोनी आपदा विपदा भी टल जाती है.

## गणतंत्र दिवस समारोह का फायनल रिहर्सल आज

**फुल ड्रेस में होगा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

पीजी कॉलेज ग्राउंड में होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का फायनल रिहर्सल 24 जनवरी 2023 को प्रातः 8:55 बजे से होगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार की उपस्थिति में फूल ड्रेस में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया जाएगा। रिहर्सल हेतु सभी जिला जिला अधिकारियों तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# विशेष संरक्षित जनजाति के लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान,प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स ग्रुप ने दी दस्तक

» छ:ग की राजधानी रायपुर से डॉ. सत्यजीत साहू के साथ चिकित्सकीय विशेषज्ञों ने शिविर लगा किया स्वास्थ्य प्रशिक्षण दी दवाईयां





- संवाददाता -
एमसीबी/चिरमिरी 23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारत देश की आजादी के बाद बने सविधान में जिन बातों को प्रमुखता से अंकित किया गया है आज उन बातों पर हमारा समाज और वर्तमान परिवेश किसी भी रूप में उन बातों को स्वीकारने में अपनी कोई रूचि नहीं रखता चाहे वह मनुष्य के जीवन से जुडी कोई भी चीजें हो पर आज की 21 वीं सदी मानों खुद एक नये सविधान को निर्माण करने में लगी है। देश के सविधान में हर जाती हर धर्म को पूर्ण रूप से आजादी का दर्जा दिया गया है पर आज तक किसी भी जाती धर्म को उन्नति,प्रगति, उनके जीवन में नये आयाम को कैसे बढ़वा दें इस पर कोई बल नहीं दिया गया और न ही इसपर कोई पहल दिखाई देती है। हर मनुष्य के जीवन में उसके स्वास्थ्य और शिक्षा की बढ़ती कमी उसको हर स्तर पर कमजोर बना रही है। देश के सविधान में सबसे बड़ी प्राथमिकता विशेष संरक्षित जनजाति पंडो जाती को दी गई है पर केवल कागजो में जमीनी स्तर इनके उत्थान की कोई भी चीजे नजर नहीं आती। इन जातियों को जागरूक करने इनके स्वास्थ्य सुदृण बनाने की एक अनोखी पहल बीते रविवार को देखने को मिली जहाँ प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स ग्रुप की संस्था ने अपनी दस्तक देते हुए इनका स्वास्थ प्रशिक्षण किया और दवाइयां भी बाटी इस अनोखी पहल को मूलरूप देने के लिए छ:ग राज्य की राजधानी रायपुर से मधुमेह के स्पेस्लिस्ट चिकित्सक डॉ. सत्यजीत साहू एवं उनके चिकित्सकीय विशेषज्ञों के द्वारा विशेष शिविर लगा कर इस कार्य को अंजाम दिया। जिस पहल से विशेष संरक्षित जनजाति के लोगों. के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली जिन्हें सबसे बड़ी जरुरत थी।जानकारी अनुसार संस्था के तत्वधान में और इसके संस्थापक के रूप में रायपुर के प्रसिद्ध मधुमेह चिकित्सक गुड विल हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ0 सत्यजीत साहू के द्वारा नवगठित जिला (एमसीबी) के ग्राम पंचायत-ठग्गांव के बहालपुर गांव में विशेष पिछड़ी जनजाति समुह पांडो जाति के लोगो का चिकित्सा शिविर लगा कर नि:शुक इलाज कर उन्हें दवाइयों का वितरण किया गया । शिविर में बड़ी संख्या में पांडो जनजाति के महिलाओ ने विशेष रुचि लिया गया। डॉ0 सत्यजीत साहू द्वारा बताया गया कि इस शिविर के माध्यम से मेरी टीम छत्तीसगढ़ मे निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगो में स्वास्थ्य प्रति जागरूकता पैदा करना साथ ही इन समूहों में छोटी-मोटी बीमारियों के प्रति भ्रांतियां को दूर करने का प्रयाश है। इस प्रकार की सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में कैम्प लगा कर राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओ के प्रति जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। ताकि ये विशेष पिछड़ी जनजाति समूह इन योजनाओं के बारे जान सके और अच्छी स्वास्थ्य योजनाओ का लाभ उठा सके । शिविर के माध्यम इन जनजातीय समूह को खान-पान साफ सफाई के लाभ हानि के बारे में जानकारियां देने का उद्देश हैं। श्री साहू ने भी कहा की वह संस्था के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के स्वास्थ परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ प्रति जागरूकता देना उद्देश्य हैं। जिससे उन्हें एक अच्छी स्वास्थ लाभ मिल सके। संस्था के माध्यम से लोगो को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में भी पहल करने की हर संभव कोशिश किये जायेंगे। आने वाले दिनों में संस्था समाज के बुद्धजीवी वर्ग, पत्रकारिता वर्ग, शिक्षक वर्ग को शामिल करते हुए उनके द्वारा दिये गए सुझाव को आर्थिक,सामाजिक दृष्टि से मजबूत करने की दिशा में पहल किया जाएगा किया जायेगा। आने वाले समय मे सरगुजा संभाग के प्रत्येक जिलों में संस्था पीयुआई के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के साथ जो भी गतिविधियां संचालित की जाएगी उसकी रूप रेखा सरगुजा संभाग के संयोजक दिनेश कुमार यादव के द्वारा संस्था आपसे साझा करेगी। शिविर में स्थानीय नागरिकों में श्री नंदलाल, सुनिल शर्मा, सूरज दुबे, दिनेश कुमार यादव,अशोक श्रीवास्तव,अशोक पटेल, अशोक प्रधान, मंटू खेरवार, शिव वर्मा एवं आर यु संस्था रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने इस विशेष शिविर में अपना सहयोग दिया।

प्रोग्रेसिव युटिलाईजेशन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स ग्रुप के सरगुजा संभाग के संयोजक दिनेश यादव और शोयेब ने इस पहल को और भी अन्य विशेष संरक्षित जनजातियों के बीच करने का संकल्प लिया और डॉ सत्यजीत साहू की टीम का आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है की राज्य सरकार द्वारा इन विशेष जनजातियों को बचाने के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं के द्वारा कार्य किये जा रहे है । एक अच्छी सोच के साथ हमारी संस्था का ये प्रयास है कि इन जनजातीय समूहों के सामाजिक के साथ - साथ इनके आर्थिक विकास में एक छोटा सी पहल कर पाए इसी उद्देश के साथ हमारी संस्था पीयुआरई इनके विकास में एक भागीदार बने।



## जिले में पीएमजीएसवाय की 48 सड़कों का हुआ नवीनीकरण कार्य पूर्ण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

लोगों के आवागमन का मुख्य साधन सड़क होता है। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की कई सड़कों का निर्माण हो रहा है। सरगुजा जिले के लोगों को पहुंच सुलभ कराने का कार्य हो रहा है। जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के नवीनीकरण हेतु स्वीकृत सड़कों में से अब तक 48 सड़क कुल लंबई 211 किलोमीटर नवीनीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नवीनीकरण कार्य हेतु 82 सड़कों के नवीनीकरण के कार्य प्रगतिरत है इसके साथ ही शेष छूटी हुई 26 सड़क कुल लंबाई 83.11 किलोमीटर के नवीनीकरण हेतु 11 करोड़ 49 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिसमें एजेंसी की नियुक्ति कर ली गई है। इन सड़कों के नवीनीकरण कार्य सिर्फ प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले में 130 सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 529 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण अम्बिकापुर के कार्यपालन अभियंता ने यह भी बताया है कि जिले के विकाखंड लुण्ड्रा के पतराडीह से जरहाकेला, तुरियावीरा रोड से झेराडीह मुण्डापारा, कटनी गुमला रोड से लालमाटी, केराकोना से गाजरमुडा, कटनी गुमला रोड से सिलसिला, तुरियावीरा से गेरसा, डूमरडीह भेड़िया से सपड़ा, धौरपुर बरियों रोड से कर्रा महुआपारा, डूमरडीह से भेड़िया सेमरपारा, भलुआमोड़ से ढ़िलमा उरांवपारा, बसेना खासपारा से रिरि, चिरंगा से सेमरडीह, बदगरी बांसा नगरीपारा रोड से कोरिमा माझापारा, कोईलारी से किरमिरा खासपारा, पटोरा मधुपारा से अगासी, कोईलारी खासपारा से चितरपुर चौरपानी तथा सहनपुर से गुजरवार तक, विकासखंड बतौली के माझापारा से तरागी तुरकापारा, घुटरापारा से तरागी, बिलासपुर रोड से बांसाझाल, घुटरापारा से ललाती कोरवापारा, बिलासपुर लुण्ड्रा रोड से मानपुर, बतौली से देवरी डुमरापारा, पोपरेंगा रोड से सिलमा पथरईपारा तथा विकासखंड मैनपाट में नर्मदापुर पटेलपारा से सरभंजा जरहाडीह एवं परपटिया नागरखार से भण्डारपारा तक के सड़क नवीनीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के परेड रिहर्सल का किया निरीक्षण

» परेड के 10 प्लाटूनों ने किया शानदार परेड का प्रदर्शन







- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

सोमवार 23 जनवरी को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने 26 जनवरी 2023 को स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले परेड रिहर्सल का निरीक्षण किया। परेड में जिला पुलिस बल, छसबल, नगर सेना, एनसीसी, स्काउट गाईड के छात्र छात्राओं सहित कुल 10 प्लाटून शामिल है जिनके द्वारा आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रगान की मधुर धुन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई की बैंड पार्टी के साथ परेड रिहर्सल किया।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु करीब 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। तैयारियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने मंच की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी गतिविधियों के बारे में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड के परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे एवं टू आईसी एसआई सुनीता भारद्वाज होंगी। पुलिस अधीक्षक ने परेड में सम्मिलित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को परेड़ के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ताकि परेड आकर्षक एवं उत्तम हो।



## एसपी सूरजपुर ने ली दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने दोषमुक्त प्रकरणों की समीक्षा उप संचालक अभियोजन एवं एडीपीओ की मौजूदगी में किया। पुलिस अधीक्षक ने दोषमुक्त किए गए प्रकरणों का बारीकी से समीक्षा करते हुए अनुसंधान कार्रवाई में त्रुटियों से बचने एवं विवेचना अधिकारियों को भविष्य में बेहतर साक्ष्य संकलन करने के निर्देश देने की बात कही। दोषमुक्त हुए प्रकरणों के कारणों पर भी प्रकाश डालते हुए भविष्य में अत्यंत सावधानीपूर्वक अनुसंधान कार्रवाई करने तथा पक्षद्रोही गवाहों पर अंकुश लगाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन पर ध्यान केन्द्रीत करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उप संचालक अभियोजन विरेन्द्र लकड़ा, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुनील चौरसिया सहित अमरदीप देवांगन, हरीश चक्रधारी मौजूद रहे।

## छत्तरमनी का पक्के आशियाने का सपना हुआ साकार



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से खुशहाली आई है। कभी कच्चे मकान में डर के साये में रहने को मजबूर छत्तरमनी का आज प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है।

अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भिट्ठीकला में रहने वाली छत्तरमनी राजवाड़े ने बताया कि पति के गुजर जाने के बाद मैं मजदूरी करके जीवनयापन करती थी। मुझे पक्का मकान का बनना सपना लगता था। बारिश के दिनों में कच्चे मकान के छत से पानी टपकता था। घर में जहरीले सांपों के घुसने का खतरा बना रहता था। इसी बीच प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिलने पर हमने ग्राम पंचायत में आवेदन किया। योजना के तहत आवास बनाने के लिए मुझे 1 लाख 30 हजार रुपए स्वीकृत हुआ। इस राशि से हमने सपरिवार मेहनत करके 2020 में पक्का मकान बनवाया। छत्तीसगढ़ सरकार की हाफ बिजली बिल योजना से बिजली बिल हाफ हो रहा है। इससे अतिरिक्त खर्च की बचत हो रही है। उज्ज्वला योजना के तहत मुझे गैस सिलेंडर भी मिला है। और जीवनयापन के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन मिल रहा है। पीडीएस से मुझे राशन कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क चावल और पात्रतानुसार शक्कर, चावल और चना मिल रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजना के लिए छत्तरमनी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया।

# क्या धान खरीदी केंद्र बन चुका है सोशल मीडिया के लिए रील बनाने का अड्डा?

» धान खरीदी केंद्र से पृथक हो चुके समिति प्रबंधक धान खरीदी केंद्र में बना रहे हैं सोशल मीडिया के लिए रील

» धान के चट्टे पर खड़े होकर समिति प्रबंधक बना रहें हैं रील,क्या रील बनाने के लिए धान को रौंदना जरूरी है?

» धान की बाली छत्तीसगढ़ महतारी के हांथ की है शोभा,धान की फसल है छत्तीसगढ़ की मुख्य फसल

» क्या अन्न पर खड़े होकर रील बनाना है उचित,क्या रील बनाने अनाज का अपमान है जरूरी?





- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के एक सहकारी सेवा समिति प्रबंधक अपने एक रील को लेकर काफी प्रसिद्ध हो रहे हैं जिसमें वह धान के चट्टे पर खड़े होकर रील बना रहें हैं और जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब सवाल यह उठता है की क्या समिति प्रबंधक का उक्त कृत्य सही है? क्या उन्हे छत्तीसगढ़ के मुख्य फसल और मुख्य अन्न धान पर खड़े होकर रील बनाना चाहिए क्योंकि धान की बाली छत्तीसगढ़ महतारी के हाथों की शोभा भी है और अन्न के नाते भी ऐसा करना सही नहीं कहा जा सकता। वैसे समिति प्रबंधक को धान खरीदी केंद्र से पृथक किया गया है और वह धान खरीदी केंद्र के प्रभारी के प्रभार से मुक्त हैं लेकिन उनका मोह धान खरीदी से भंग नहीं हो रहा है और वह धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर अपनी धौंस जमा रहें हैं और रील बना रहें हैं।

समिति प्रबंधक का रील सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है और देखकर यह भी सवाल उठता है की नेताओं के बैनर पर जब पैर रखने का मामला पुलिस थाने का मामला बन सकता है तो छत्तीसगढ़ महतारी की शोभा साथ ही किसानों की मेहनत के फल पर पैर रखकर चढ़कर रील बनाना क्या उचित है क्या इसको लेकर कोई मामला नहीं बनता। वैसे धान खरीदी केंद्र से समिति प्रबंधक पृथक भी हैं और वह यह भी नहीं कह सकते की धान के चट्टे पर वह चढ़कर धान के चट्टे की स्थिति देख रहे थे। धान खरीदी केंद्र बैकुंठपुर जामपारा में यह रील बनाई गई और सोशल मीडिया पर डाला गया। रील बनाना न तो अनुचित है और न ही अपराध ही है लेकिन किसानों की मेहनत से उगाई गई फसल पर खड़े होकर रील बनाना कहीं से उचित नहीं माना जा सकता और न ही इसे सही कहा जा सकता है। अब देखना यह है की क्या इस पूरे मामले में भी कोई जनप्रतिनिधि या कोई राजनेता सामने आता है जिसे यह भी अपने अपमान या उससे ज्यादा ही गलत विषय लगता है या केवल वह अपने ही अपमान के लिए केवल लड़ते रहेंगे और छत्तीसगढ़ महतारी के हाथों की शोभा के अपमान पर उन्हे विषय आपत्तिजनक नहीं लगता।

## थर्ड आई हेल्पलाइन नंबर 9479130224 पर दें तेज रफ्तार से बाईक चलाने, स्टंट करने तथा यातायात नियमों का उल्लुधंन करने वालों की सूचना




- संवाददाता -
सूरजपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

तेज रफ्तार से बाईक चलाने और स्टंट करने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिए सूरजपुर पुलिस के द्वारा थर्ड आई हेल्पलाईन नंबर 9479130224 जारी किया है। इस नंबर पर नागरिकगण ऐसे लोगों की सूचना देकर कार्यवाही करा सकते है जिनके द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने कहा कि खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों की सूचना थर्ड आई हेल्पलाईन नंबर पर दें ताकि ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके, इसके लिए ऐसे बाईकर्स की फोटो-विडियों सहित जरूरी जानकारी थर्ड आई के हेल्पलाईन पर देते हुए सूरजपुर पुलिस की यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जावेगी।

# वाह रे राजस्व विभाग! जिसके खिलाफ है प्राथमिकी दर्ज कराया उसे खुलेआम कार्यालय बुला कर ले रहे हैं काम

**आरोपी तहसीलदार की आईडी से रकबा घटाता बढ़ाता रहा और अनाधिकृत रूप से एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाता रहा...**

- एफआईआर के बाद जिसे होना था गिरफ्तार व दिनदहाड़े नायब तहसीलदार कार्यालय में कर रहा काम,क्या प्रशासन दे रहा अपराधी को संरक्षण?
- क्या रकबा बढ़ाने के मामले में प्रशासन के अधिकारी भी हैं शामिल?
- क्या तहसीलदार अधीनस्थ अनाधिकृत कर्मचारी को बचा रहे क्योंकि यदि उसने मुंह खोला तो वो खुद फस जाएंगे?
- जिस तहसीलदार के कहने पर हुआ था मामला पंजीबद्ध वह खुद अनाधिकृत कर्मचारियों को कार्यालय बुला कैसे करवा सकते हैं काम?
- तहसीलदार के आईडी से घटता व बढ़ता रहा रकबा फिर भी तहसीलदार अनजान थे कैसे?
- किसान से धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों पर हुआ था केस दर्ज, जमानत भी खारिज होने की बात आ रही सामने:सूत्र
- क्या तहसील कार्यालय में तहसीलदार अनाधिकृत व्यक्ति को निजी तनख्वाह पर रख करते हैं इतना भरोसा कि अपनी आईडी कर देते है उनके हवाले?
- क्या अपनी आईडी किसी अनाधिकृत व्यक्ति को देना उचित? कहीं तहसीलदार भी तो इसमें नहीं थे शामिल?
- किसान ने तहसील कार्यालय के कर्मचारियों से मिलकर रकबा परिवर्तन कर लाखों का लाभ लिया,तहसीलदार की भी भूमिका संदिग्ध
- राजस्व विभाग का सारा दारोमदार होता है तहसीलदार पर, व्यक्तिगत आईडी का गैर जिम्मेदार व्यक्ति के पास पाया जाना बनाता है मामले को संदिग्ध









- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले में ऐसे ऐसे मामले आते हैं जो लोगों को आश्चर्य में डाल देते हैं जब लोगों के सुविधा के लिए काम कर रहा प्रशासन ही लोगों के लिए दिक्कत खड़ी करे तो सवाल तो उठना लाजमी है, कोरिया जिले का एक बहुत चर्चित व दिलचस्प मामला है वह है पटना तहसील कार्यालय का जहां पर कुछ दिन पहले तहसीलदार की आईडी से रकबा को घटा बढ़ाकर भारी मात्रा में धान बेचकर लाभ कमाया गया था, जब मामला उजागर हुआ तो तहसीलदार ने अपना पल्ला झाड़ते हुए अनाधिकृत कर्मचारी पर पूरा दोष मढ़ा दिया और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई जब तहसीलदार ने जांच कर एफआईआर करने का आदेश दे दिया उसके बाद जिस व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजना था उसे तहसीलदार प्रतिदिन अपने कार्यालय बुलाकर काम करा रहे हैं फिर समझ में यह नहीं आ रहा कि आखिर अनाधिकृत व्यक्ति दोषी था भी या फिर तहसीलदार साहब अपने आप को बचाने के लिए बहुत बड़ी योजना बनाकर काम कर रहे थे? जहां बाकी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं वही तहसील का अनाधिकृत कर्मचारी दिनदहाड़े तहसीलदार के साथ ही काम कर रहा है, क्या तहसीलदार ही उसे फसाए हैं और तहसीलदार ही उसे बचाएंगे ऐसा अब लोगों के जेहन में सवाल उठने लगा है? कितना प्रभावशील हैं तहसीलदार इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है जबकि इनकी पत्नी भी इनसे ऊपर एसडीएम पद पर बैठी हैं क्या उन्हीं के इशारे पर सब हो रहा?

ज्ञात हो की कोरिया जिले में एक गजब का मामला सामने आया है यह मामला पटना तहसील व पटना धान खरीदी केंद्र से जुड़ा हुआ है। जहां पर एक किसान धान बेचने के लिए तहसील कार्यालय से जमीन का रकबा बढ़वाता था और फिर धान बेचने के बाद राशि आहरण कर उस रकबा को कम करवा देता था। यह खेल कब से चल रहा है, यह तो जांच का विषय है। परंतु ऐसा करके किसान ने काफी राशि का लाभ अर्जन किया। संदेह होने पर जब मामले की जांच की गई तो जांच में यह पाया गया कि उक्त किसान अन्य व्यक्तियों के रकबे को अपने खाते में शामिल करा कर समिति में धान बेचता था एवं राशि आहरण पश्चात अपने रकबे को मूल रूप से परिवर्तित करा लेता था। चूंकि समिति में पंजीकृत किसानों के रकबे में परिवर्तन तत्संबंधित तहसीलदार की आईडी से ही संभव होता है, अतः कहीं ना कहीं पूरे मामले में संबंधित तहसीलदार एवं वहां कार्यरत कर्मचारियों की भूमिका भी संदेहास्पद है। बगैर मिलीभगत के रकबा में परिवर्तन का यह खेल संभव नहीं है। इस पूरे मामले में सहकारी समिति के कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है, क्योंकि रकबे के पंजीयन की कार्यवाही वहीं से प्रारंभ होती है।

## मामले में जांच उपरांत एफआईआर हुआ था दर्ज

नायब तहसीलदार समीर शर्मा उप तहसील पटना के जांच उपरांत एवं लिखित शिकायत पर इस आशय का प्रतिवेदन पेश करने पर की वर्ष 2021-22 में धान कोचिया अजय कुमार कुशवाहा आ0 कैलाश नाथ निवासी अमहर द्वारा अन्य किसानों प्रताप सिंह, शिवनाथ एवं अनुराधा की जानकारी एवं उनकी सहमति के बिना उनके स्वामित्व की भूमि को अपने खाते में विधि विरुद्ध रूप से अधिक धान की फसल की बिक्री कर 319350 रु अवैध लाभ कराकर पात्रता अर्जित करते हुए संबंधित कृषकों एवं शासन को क्षति पहुंचाया गया है। इसी प्रकार इस वर्ष भी उक्त व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कार्य की पुनरावृति की जा रही थी, जिस संबंध में जाँच प्रारंभ होने पर अजय कुमार कुशवाहा द्वारा अपने भाई व सह खातेदार अरविंद कुशवाहा आ. कैलाश नाथ के सहयोग से उप तहसील कार्यालय पटना की आईडी के माध्यम से बिना संबंधित अधिकारी की जानकारी के तहसील कार्यालय पटना में कार्यरत ऑपरेटर संजीव कुमार की सहायता से तथा अरविन्द कुशवाहा की सक्रियता/संलिप्तता से अन्य किसानों के नाम अपने पंजीकृत खाते से हटवा दिया गया। इस प्रकार प्रकरण में प्रथम दृष्टतयः अजय कुशवाहा, अरविन्द कुशवाहा एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर संजीव कुमार दोषी होना पाये जाते है, उपरोक्त कंडिका ( 1 ) में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर दोषी व्यक्तियों के द्वारा धारा 409, 420, 120 बी, 467, 468, 471, भादवि एवं 66 घ आई.टी.एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने से थाना पटना में अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

## हाई कोर्ट के जजमेंट के अनुसार किसी भी कार्यालय में अनाधिकृत व्यक्ति को रखना गैरकानूनी, फिर कैसे हो रहा था पटना तहसील में काम?

पूरे प्रकरण में सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि छत्तीसगढ़ शासन ने उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश का पालन करते हुए सभी शासकीय कार्यालयों में अनाधिकृत व्यक्ति को? हटाने का आदेश दिया था। इसके बावजूद तहसील कार्यालय में अनाधिकृत रूप से कई व्यक्ति लंबे समय से काम कर रहे थे, जो कि शासकीय कर्मचारी नहीं है, बल्कि निजी कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। अद्भुत बात तो यह भी है कि निजी कंप्यूटर ऑपरेटर को तहसीलदार ने अपनी आईडी भी सौंप दी। जबकि तहसीलदार की आईडी से पूरे तहसील क्षेत्र के राजस्व के सारे दस्तावेज एवं मामले संचालित किए जाते हैं। यह घोर लापरवाही का और अपराधिक मनोवृति का विषय है। जब अचानक यह मामला सामने आया उसके बाद अनाधिकृत रूप से कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य कर रहे व्यक्ति पर पूरा ठीकरा फोड़ते हुए अधिकारी अपने बचाव में जुट गए हैं। सवाल यह है कि आखिर तहसीलदार जैसे लोकसेवक अपना अधिकृत आईडी पासवर्ड एक अनाधिकृत व्यक्ति को कैसे दे दिए, जिसने किसान के साथ मिलकर बारबार पंजीयन में हेरफेर किया और किसान को लाभ पहुंचा दिया। यह एक सोचनीय व जांच का विषय है, पर शायद इस पहलू पर पुलिस भी ध्यान नहीं दे रही होगी क्योंकि तहसीलदार भी इस लपेटे में आ सकते हैं। पूरे प्रकरण में जांच का विषय तो यह भी है कि यह इकलौता मामला है या इसके जैसे और भी कई मामले तहसीलदार की आईडी द्वारा हेरफेर कर किए गए हैं। क्योंकि अभी कुछ दिन पूर्व सहकारी समिति तरगंवा में जब एक किसान के 110 बोरी धान के जब्ती की बात आई थी, तब भी यह मामला प्रकाश में आया था, कि उक्त किसान के पंजीयन में विगत वर्ष से ही अन्य लोगों के जमीन के रकबे जुड़े हुए हैं। जबकि किसान ने ऐसा कोई प्रयास भी व्यक्तिगत रूप से नहीं किया है। साथ ही एक मामला और प्रकाश में आया है, जहां सहकारी समिति तरगंवा में एक किसान ऐसा भी है जिसके पास वास्तव में कोई भूमि नहीं है। परंतु सैकड़ों क्विंटल धान बेचने के लिए उसका पंजीयन समिति में पंजीकृत है। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों के पास लंबित है। यदि पूरे प्रकरण की गहराई से जांच की जाए तो ऐसे मामलों में सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## अनाधिकृत व्यक्ति आज भी आ रहा है तहसील कार्यालय, कर रहा है काम

अनाधिकृत व्यक्ति जिसकी शिकायत स्वयं तहसीलदार ने की है आज भी वह तहसील आ जा रहा है और बकायदा काम कर रहा है जबकि उसके ऊपर प्राथमिकी दर्ज है और उसकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा की पूरे मामले में तहसीलदार स्वय उक्त अनाधिकृत व्यक्ति को संरक्षण दे रहें हैं और उसे बचाने की कोशिश कर रहें हैं जबकि होना यह था की तहसील कार्यालय में आने पर उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी तहसीलदार स्वयं कराते और मामले में न्याय का साथ देते।

## किसान का रकबा घटने बढ़ने मामले में पटना तहसीलदार की भूमिका भी है संदिग्ध

तरगवां धान खरीदी केंद्र में एक किसान का रकबा बढ़ना और घटना और किसान का लगातार धान बेचते रहना मामले में पटना तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध है। अनाधिकृत व्यक्ति को अपना शासकीय आईडी पासवर्ड देकर जहां तहसीलदार ने शासकीय गोपनीयता भंग की है वहीं तहसीलदार ने मामला सुर्खियों में आने के बाद अनाधिकृत व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई वहीं प्राथमिकी दर्ज कराकर जहां तहसीलदार को अनाधिकृत व्यक्ति की गिरफ्तारी में पुलिस की मदद करनी थी तहसीलदार पुनः अनाधिकृत व्यक्ति से तहसील में काम ले रहें हैं और वह खुलेआम घूम रहा है,ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा की अनाधिकृत व्यक्ति को तहसीलादार का संरक्षण प्राप्त है और उन्हीं की मर्जी से फर्जीवाड़ा हुआ है।

## क्या कलेक्टर लेंगे मामले में संज्ञान,क्या होगी दोषियों पर कार्यवाही?

पूरे मामले में अब देखने वाली बात यह है की क्या कलेक्टर कोरिया मामले में संज्ञान लेंगे...क्या वह पूरे मामले में कार्यवाही करेंगे वहीं कहीं तहसीलदार को राजस्व का अधिकारी होने के नाते अभयदान तो नहीं मिलेगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मनाया जाता है पराक्रम दिवस

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

हर साल की तरह इस साल भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती मनाई गई है बस फर्क इतना है कि अब उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर एसईसीएल चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इस अवसर पर शैलेश शिवहरे ने कहा की सुभाष चंद्र बोस देश के ऐसे स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, जिनसे अंग्रेज कांपते थे, उन्होंने देशवासियों को कई संदेश दिए, जो देशवासियों को हमेशा प्रेरित करते हैं, आज पूरा देश उनकी 126 वीं जयंती मना रहा है, उनके सकारात्मक संदेश आपके मुश्किल दौर में हौसला बढ़ा सकते हैं, नेताती का जन्म 23 जनवरी 1897 हो हुआ था, बता दें, भारत सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी साल 2021 में नेताजी की जन्म जयंती पर अपने स्टेटमेंट में इस बात को कहा था कि साल 2022 से इस दिन को पराक्रम दिवस के तहत ही सेलिब्रेट किया जाएगा, तब से हर साल की तरह इस साल भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती मनाई जा रही है, बस फर्क इतना है कि अब उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है. इसलिए अब कोई नेता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बधाई देगा, तो वो पराक्रम दिवस के रूप में देगा, इस दिन विद्यालय में विद्यार्थियों की तरफ से नाटट का आयोजन किया जाता है, साथ ही कॉलेज और यूनिवर्सिटी में नेताजी सुभाष चंद्र की जिंदगी के ऊपर आधारित लेक्चर भी आयोजित होते हैं, जिसमें विद्यार्थी नेताजी सुभाष चंद्र पर अपने-अपने मत प्रकट करते हैं. इस खास दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चाहने वाले मीटिंग का आयोजन भी करते हैं और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा देश हित में किए गए कामों को लोगों को बताते हैं और उनकी जिंदगी से प्रेरणा लेते हैं, इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेश शिवहरे, डॉक्टर राकेश शर्मा, अतुल गुप्ता, आशीष शुक्ला, भानु पाल, सुभाष साहू, बैकुंठपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, श्रीमती शिल्पा गुप्ता, श्रीमती रीमा जयसवाल, श्रीमती ममता पनिका,पंकज गुप्ता, विजेंद्र जयसवाल, स्वामीनाथ पटेल, अवधेश सिंह, रोशन नामदेव, देवेंद्र सिंह, कुबेर साहू, रोशन नामदेव,रजनीश गुप्ता, मनोज सोनी, गुलाब गुप्ता, घनश्याम साहू, समीर जयसवाल, अभय दुबे, बल्लू खान, दीपक साहू सहित काफी अधिक संख्या में स्थानीगण उपस्थित रहे।



# चरित्र पर सवाल और राजनेताओं के जिंदाबाद के नारे, क्या यही है गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना?

- भाजपा और कांग्रेस नेताओं का आपसी चरित्र उजागर करने की नई राजनीति,कोरिया जिले से हुई शुरुआत




- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

एकमात्र विधानसभा वाले कोरिया जिले में अलग ही परंपरा शुरू हो गई है इस समय राजनीतिक दल एक दूसरे के चरित्र की पोल खोलते नजर आ रहे हैं और इस दौरान वह सोशल मिडिया पर सारी सीमाएं लांघ रहे हैं सोशल मीडिया पर जमकर चरित्र का प्रमाण पत्र बांट रहे हैं इस समय राजनीतिक दलों के समर्थक या कहें तो कार्यकर्ता सभी एक दूसरे की चरित्र चालीसा पढ़ रहे हैं अब सवाल यह उठता है क्या नेता सारी सीमाएं लांघ कर अपने नेता के करीबी बन पाएंगे? अपने नेता के करीबी बनने के चक्कर में सारी सीमाएं क्योंकि वह लांघे पड़े हैं?

पूर्व मंत्री के मिडिया कर्मी को दिए बयान के बाद से ही जिले में ऐसी रीति बन चुकी है की क्या भाजपा क्या कांग्रेस सभी दलों की तरफ से एक दूसरे दल के नेता का चरित्र सोशल मिडिया पर साझा किया जा रहा है और इस सोशल मीडिया पोस्ट पर दोनो दलों के समर्थक अपनी अपनी राय प्रकट कर रहे हैं। वैसे देखा जाए तो यह किसी एक दल की तरफ से नहीं हो रहा है दोनो ही प्रमुख दल जो राष्ट्रीय दल हैं की तरफ से ऐसा किया जा रहा है और एक दूसरे पर चारित्रिक कीचड़ उछाला जा रहा है। जिले की जनता भी सोशल मीडिया पर पोस्ट को और एक दूसरे पर उछाले जा रहे कीचड़ को देख सुन रही है और सोच रही है क्या यही है बेहतर छत्तीसगढ़ की परिकल्पना, जनता यह भी सोच रही है या सोचने मजबूर है की क्या इसीलिए उन्होंने नेताओं को अपना प्रतिनिधि चुना है और जब चरित्र रूप में कोई भी सही नहीं है तो जनता यह भी मन ही मन सोच रही है की क्यों फिर ऐसे लोग जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए हैं और क्यों नहीं ऐसे लोग राजनीति से सन्यास ले ले रहे हैं।

## राजनीतिक सुचिता जिले से समाप्त हो चुकी है

वैसे इस पूरे मामले को राजनीतिक सुचिता से भी जोड़कर देखा जा सकता है और माना जा सकता है की राजनीतिक सुचिता जिले से समाप्त हो चुकी है और आपसी वैमनस्य इस कदर हावी हो चुका है की अब आपसी प्रहार चरित्र तक पर जारी है और दोनो ही दलों के नेता एकदुसरे पर समर्थकों के सहारे आक्रामक हैं। जिले में पूर्व में कभी ऐसा होते नही देखा गया था और लोगों का कहना है की यह चलन अभी हालिया है। वैसे समर्थक एकदूसरे दल के नेताओ पर जब चारित्रिक आरोप लगा रहें हैं तो वह अपने अपने नेताओं के जिंदाबाद का भी नारा लगा रहें हैं जिससे साबित होता है की उनका भी समर्थन समर्थकों को है। अब यह आरोप प्रत्यारोप का दौर कब तक जारी रहने वाला है यह तो आने वाला वक्त बताएगा लेकिन कहीं न कहीं नेताओं सहित उनके समर्थक आपसी प्रतिद्वंदिता में अपनी ही कलई खोल रहें हैं और वह खुद अपनी अपनी हकीकत सामने ला रहे हैं यही सत्य है।

# नेताजी की जयंती पर भाजयुमो कोरिया ने निकाली साईकिल यात्रा

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश अध्यक्ष भाजयूमो रवि भगत के निर्देशानुसार दिनांक 22 जनवरी को भाजपा ज़िला कार्यालय बैकुंठपुर में ज़िला कार्यसमिति बैठक आयोजित की गयी। भाजयूमो प्रदेश से प्राप्त आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु यह अत्यावश्यक बैठक रखी गयी थी। समस्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ज़िला महामंत्री शारदा गुप्ता ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाना तय किया गया है जिस अवसर पर सभी मंडलों में सायकिल रैली किया जाना है इस कार्यक्रम हेतु प्रभारी एवं सहप्रभारी का नियुक्त किए गए। जिसमें भाजपा ज़िलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, महामंत्री पंकज गुप्ता एवं इस कार्यक्रम हेतु प्रभारी सुश्री कोमल पटेल (सहप्रभारी प्रदेश नीति एवं अनुसंधान दल) उपस्थित रही। तत्पश्चात् दीवार पर नारा लेखन किया गया जिसमें युवाओं के द्वारा वर्तमान भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने का संकल्प लिया गया।

## कुड़ेली में नेताजी को की पुष्पांजलि अर्पित

इसी तारतम्य में आज कुडेलि मंडल में ग्राम बोड़ार में सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर अगरबत्ती जला कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी तत्पश्चात साइकिल यात्रा निकाली गयी ।जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा धीरेंद्र साहू जिला महामंत्री शारदा गुप्ता , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतेंद्र राजवाड़े ,मनोज सोनवानी , युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज यादव जी,शिव यादव सोना लाल राजवाड़े जी,राजेश साहू , संतोष यादव जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।





भाजयूमो कोरिया ज़िला कार्यसमिति बैठक के पश्चात हुआ दीवार लेखन

## बैकुंठपुर में निकाली साइकिल यात्रा

पराक्रम दिवस के अवसर पर भाजयुमो बैकुंठपुर के द्वारा ग्राम ओडगी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा सायकल रैली निकाली गयी जिसमें ज़िला महामंत्री महामंत्री शारदा गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा सतेन्द्र रजवाड़े, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी हर्षल गुप्ता, हितेश सिंह सिंह जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, मनोज सोनवानी लोक राजवाड़े, अनिल रजवाड़े भाई आशीष यादव, अभिषेक साहू जी एवं कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।

## सोनहत में भी सायकिल यात्रा निकाल कर मनाया पराक्रम दिवस

अध्यक्ष भाजपा ईश्वर राजवाड़े एवम कार्यक्रम प्रभारी शारदा गुप्ता के मार्गदर्शन में सोनहत मण्डल के ग्राम केशगवा, तेलीमुड़ा, बेलिया में सायकल रैली संपन्न हुआ, इस अवसर पर यूवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष सुरेश राजवाड़े, राजू साहु, महामत्री रमेश तिवारी, टिकेश्वर राजवाड़े, मंत्री दिलिप राजवाड़े, नीरज पटेल, सूरज राजवाड़े, विवेक साहु, बल वीर, अनुज राजवाड़े, अनुज राजवाड़े, दिलिप साहु, मनोज, अनील सोनपाकर,चंद्रिका साहु, संदीप राजवाड़े, देवी दयाल, विशाल, सन्नी पप्पू राजवाड़े एवम अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन शामिल रहे। समस्त कार्यक्रमों में प्रखर गुप्ता ,कुणाल जायसवाल, उमाशंकर बँटी, रंजन शर्मा श्रीराम दुबे, संजय साहू, हेमंत यादव, सुरेश साहू, प्रदीप साहू सहित युवा मोर्चा ज़िला पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, ज़िला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने दिए सड़को के गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य के निर्देश

## शिकायतों पर होगी सकत कार्य वाही

- राजेन्द्र शर्मा -
खडगवा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री के द्वारा न्यू सर्किट हाउस में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान के मुख्यमंत्री ने राजस्व और लोक निर्माण विभाग के कार्यों पर नाराजगी जताई थी। राज्य की सड़कों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, इस साल दिसंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त कर लें। अब दौरे पर जाउंगा तो खराब सड़कों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।



मुख्यमंत्री ने खराब सड़कों को शीघ्र बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा भी 6 हजार 181 किलोमीटर की सड़कों में तत्काल पैचवर्क कर उसे ठीकठाक करने को कहा। उन्होंने कहा, वादे के मुताबिक इस साल दिसम्बर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त कर लिया जाए। सड़क मरम्मत के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, सड़क किसी भी विभाग की हो, मुझे कोई बहाना नहीं चाहिए, सड़क बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, खराब सड़कों की मरम्मत के लिए कलेक्टर खुद मॉनिटरिंग करें। सड़कों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया कि अब इस विषय में मैं फिर चर्चा नहीं करूंगा। मुझे सड़कों की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए उसके बाद भी कोरिया और एमसीबी मे सडको के गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य की शिकायतें आए दिन खबरो एवं सोशल मीडिया मे देखी जा रही है विभागीय अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश और निदेशों का पालन ही नहीं कर रहे हैं और जिले में गुणवत्ता विहीन सडको का निर्माण कार्य धडल्ले से कराया जा रहा है। अभी हाल में ही एमसीबी के कलेक्टर महोदय ने लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित सडक के निरीक्षण में गए थे जहां पर उन्हें सडक पर किया जा रहा डामरीकरण कार्य में उपयोग की जा रही गिट्टी की गुणवत्ता सही नहीं होने पर कलेक्टर महोदय ने सडक निर्माण बंद करने एवं ठेकेदार के डामर प्लांट में जा कर प्लांट से सारी गिट्टी हटाने का आदेश दिया गया।

जबकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारीओ के द्वारा सडक की गुणवत्ता की जाच करने के लिए साइड मे विभागीय इंजीनियर भी पदस्थ है और उसके के देखरेख मे सडक निर्माण कार्य कराया जा रहा था ।

इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभागीय इंजीनियर जो इस निर्माणाधीन सडक का कितनी गुणवत्ता युक्त करा रहा था विभागीय अधिकारीयों और ठेकेदार की साठगांठ से सडको का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और मापदंडो एवं अनुपात विहीन किए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री जी ने कहा, अगर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खड़गवां के भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलाल बनाए गए

- संवाददाता -
खडगवा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।



देवाडाड निवासी खडगवा भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू को नयी जिम्मेदारी सौंपी गई है रामलाल साहू ने कहा कि पार्टी की मिली जिम्मेदारी का निर्रवहन बडी ही ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा और पार्टी के हित एवं मजबूत करने के लिए काम करूंगा और जल्द से जल्द मंडल की कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा करूंगा प्रदेश अध्यक्ष के पवन साय और महामंत्री एवं संभागीय और जिला प्रभारी की सहमति से रामलाल साहू को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# श्वेता नर्सिंग होम के निःशुल्क कैंसर जांच शिविर से 300 लोग हुए लाभान्वित

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा में रियायती उपचार के लिए मानक साबित हो रहे श्वेता नर्सिंग होम में निश्शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर समेत 125 जांच निश्शुल्क उपलब्ध कराए गए एवं कैंसर की जांच हेतु विशेष कैंसर डिटेक्टर वैन उपलब्ध रही जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक परीक्षण किया गया।लगभग 300 लोगों ने जांच के लिए पंजीयन कराया और शिविर का लाभ लिया। श्वेता नर्सिंग होम ने मारवाड़ी युवा मंच कोरबा के सहयोग से इस निश्शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया था। शिविर में मैमोग्राफी (स्तन कैंसर जांच), पीएपी स्मीयर (बच्चेदानी कैंसर जांच), मुंह का कैंसर, सीए 125, सीईए, पीसीए जैसे 125 जांच निश्शुल्क की गई। सामान्य तौर पर इन जांच को कराने में 2 से 5 हजार तक खर्च आता है। श्वेता नर्सिंग होम के संचालक डॉ. प्रिंस जैन ने बताया कि कैंसर जांच इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रथम स्तर पर कैंसर की पहचान होने पर इसका इलाज संभव है। कई बार बीमारी की जानकारी नहीं होने से मरीज इससे अनजान रहता है और बाद में बीमारी पर नियंत्रण मुश्किल हो जाता है इसलिए जरूरी है कि कैंसर की पहचान शुरुआती स्तर पर कर उसका उपचार प्रारंभ किया जा सके। शिविर के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना अहिरवार व एमडी मेडिसिन डॉ. प्रिंस जैन ने उपस्थित रह कर मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। डॉ. जैन ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर व बच्चेदानी के कैंसर की संभावना काफी अधिक होती है इसलिए शिविर में विशेष तौर पर मैमोग्राफी व पीएपी स्मीयर जांच की व्यवस्था निश्शुल्क की गई थी। जांच हेतु कैंसर डिटेक्टिव वेन भी था जिसमें विशेष जांच मशीनों के साथ टेक्नीशियन ने सहयोग किया। शिविर में करीब 300 लोगों की जांच की गई। शिविर का लाभ लेने के लिए पहुंचे लोगों ने श्वेता नर्सिंग होम अस्पताल प्रबंधन व मारवाड़ी युवा मंच तथा उपस्थित चिकित्सकों को धन्यवाद दिया।






# शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए 15 करोड़ 21 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

राज्य शासन प्रदेश भर में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्कूल शिक्षा व्यवस्था के संसाधनों को बेहतर करने की कड़ी में प्रदेश भर में जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए घोषणा की थी, ताकि शिक्षा व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित की जा सके। इसी तारतम्य में राज्य शासन ने प्रदेश भर के 9854 स्कूलों के मरम्मत और रखरखाव के कार्यों के लिए 621 करोड़ 81 लाख 8 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इन स्कूलों में कार्यों के लिए पहली किस्त के रूप में 168 करोड़ 64 लाख रुपए जारी कर दी गई है। इसी तारतम्य में कोरबा जिले के 253 स्कूलों के मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए 15 करोड़ 21 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कोरबा जिले के स्कूलों के मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृत कुल राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 4 करोड़ 13 लाख रुपए जारी कर दी गई है। शासन ने राशि जारी करने के साथ ही मरम्मत और रखरखाव के सभी कार्यों के लिए 28 फरवरी 2023 तक निविदा कर कार्य शुरू करने और 30 मई 2023 तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसमें यह भी निर्देशित किया गया है कि स्कूल भवनों के मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत राशि का अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जाएगा। इसे राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रखा गया है। जिसकी शासन स्तर पर समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।




शासन ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत कोरबा जिले में 12 शासकीय प्राथमिक स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ ही मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य के लिए कुल 74.34 लाखों रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत जिले के करतला विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन सेन्द्रीपाली, शासकीय प्राथमिक स्कूल मोहरा और शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन सरागबुंदिया में अतिरिक्त कक्ष निर्माण किया जाएगा। इसी तरह कटघोरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्कूल धवईपुर, कोरबा विकासखंड शासकीय प्राथमिक स्कूल गोढ़ी, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक करीं, शासकीय प्राथमिक स्कूल लेपरा, शासकीय प्राथमिक स्कूल बनिया, शासकीय प्राथमिक स्कूल लखनपुर, शासकीय प्राथमिक स्कूल बंझबन, शासकीय प्राथमिक स्कूल सुतर्रा और शासकीय प्राथमिक स्कूल बन खेता में जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। शासन से जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के 09 जिलों से 493 स्कूलों में 12 करोड़ 23 लाख 67 हजार रुपए से मरम्मत कार्य के लिए सहमति दी गई है। इसमें कोरबा जिले में 83 स्कूलों के मरम्मत व जीर्णोद्धार तीन करोड़ 87 लाख रुपए जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ)से किया जाएगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर प्रतिमा की नहीं हुई सफाई, बंग समाज ने जताया आक्रोश

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा के बंग समाज के लोग उस वक्त आक्रोशित हो उठे जब देश के महान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर वे निहारिका स्थित सुभाष चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे द्व लेकिन मौके पर गंदगी के आलम को देखकर उनका गुस्सा फूट पड़ा द्व इस की खबर जब निगम महापौर को दी गयी तो आनन-फानन में निगम कर्मियों द्वारा प्रतिमा की सफाई करवाई गई जिसके पश्चात नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण बंग समाज के द्वारा किया गया । बंग समाज के लोगों ने कहा के कोरबा का निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों की प्रति किस कदर लापरवाह बना हुआ है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जयंती के दिन भी उनके द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की सफाई नहीं करवाई गई। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा के शहर के चौक चौराहों पर नेताओं और महापुरुषों की प्रतिमाएं तो बना दी गई पर उनकी साफसफाई की सुध लेने निगम के सफाई विभाग को फुर्सत तक नहीं है द्व अब जब मुख्य चौक चौराहों पर प्रतिमाओं की सफाई नहीं हो रही तो कोरबा शहर के आंतरिक वार्डों की सफाई व्यवस्था कैसी होगी यह समझने की बात है।



# 26 जनवरी को कोरबा में मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ0 विनय जायसवाल करेंगे ध्वजारोहण

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक एवं जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री संजीव झा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश विभागों को दिया गया है।गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी कोरबा में आयोजित होगा। 26 जनवरी को प्रातः 08:58 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा। प्रातः 08:59 को मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन, प्रातः 09:00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण,



प्रातः 09:01 बजे सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 09:03 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी के संदेश वाचन पश्चात् प्रातः 09:25 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, प्रातः 10:10 बजे विभागीय झांकी प्रदर्शन, प्रातः 10:35 प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित होंगे एवं प्रातः 10:45 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

विभागीय झांकियों में जिला पंचायत, नगर पालिका निगम, वन विभाग, पीएचई, जिला उद्योग केंद्र, रेशम विभाग, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन, पशुपालन, कृषि, मछली पालन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, क्रेडा, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एनटीपीसी कोरबा, भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल कोरबा पूर्व और एसईसीएल कोरबा की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी।

# चौकी कोरबी के ग्राम सरमा में चलाया गया निजात अभियान

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा पुलिस द्वारा संचालित निजात अभियान के अंतर्गत चौकी कोरबी क्षेत्र के ग्राम सरमा में प्रचार प्रसार कर नशा मुक्त समाज स्थापित करने की अपील की गई । ग्रामीण महिलाओं द्वारा गांव में संपूर्ण शराबबंदी करने पहल प्रारंभ किया गया है द्व ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस के निजात अभियान से प्रभावित होकर ग्रामीण नशा छोड़ रहे है। ग्राम शरमा नशामुक्त ग्राम बनने की ओर अग्रसर है ।




# भाजयुमो कोरबा की कामकाजी बैठक में बूथ स्तर तक के कार्यों की हुई समीक्षा

- संवाददाता -
कोरबा,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरबा कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय कोरबा में आयोजित कि गयी द्व बैठक के दौरान युवा मोर्चा द्वारा पूर्व में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों को समीक्षा की गई एवं आगामी दिनों के लिए कार्य योजना तैयार की गई द्व उपस्थित पदाधिकारियों ने युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ताओं को अपने कार्य क्षेत्र में मजबूती से कार्य करने के साथ साथ आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहते हुए केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने सहित राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को गांव गांव तक पहुंचाने आग्रह किया है द्व वही आगामी चुनाव में प्रदेश सरकार का बदल कर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन,रायगढ़ से आए मीडिया सह प्रभारी राजेश बेहरा, प्रदेश भाजयुमो कोषाध्यक्ष विकास झा, प्रदेश सोशल मीडिया सदस्य विभूति कश्यप,भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी,महामंत्री नरेंद्र देवांगन,उपाध्यक्ष रंजु यादव, विवेक मारकंडे,दिव्यांश अग्निहोत्री,मंत्री दीक्षित देवांगन,राजा डिक्सेना, वैभव शर्मा, कन्या शक्ति संयोजिका प्रीति स्वर्णकार सहित जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष महामंत्री सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त प्रेस विज्ञप्ति भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा ने जारी की है।




# कलेक्टर ने शिक्षक बन बच्चों को बताया मैथ्स हल करने के टिप्स

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार सोमवार को स्थानीय मल्टी परपज स्कूल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने इस दौरान बच्चों को मैथ्स व कम्प्यूटर पढ़ाते हुए मैथ्स के प्रश्नों को हल करने के कई टिप्स बताए। वहीं क्लास रूम व स्कूल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों व प्राचार्य को दिए। कलेक्टर ने करीब 45 मिनट तक कक्षा 11वीं व 9वीं के बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने कक्षा 11 वी के मैथ्स के बच्चों को मैथ्स के प्रश्नों को हल करने के कई तरीके ब्लैक बोर्ड में स्वयं हल कर बताए। इसी प्रकार कक्षा 9वीं के बच्चों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय पढ़ाये। उन्होंने बच्चों को अच्छे करियर के लिए प्रोत्साहित करते हुए अभी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया की सीमित उपयोग तथा दूरी बनाए रखने की भी समझाइश दी।




## सूचना

दवाईयॉ/कन्ज्यूमेबल्स तथा अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम में चश्मा,सूचर,लैंस,पेंटिंग,ब्रांडिंग कार्य तथा प्रशिक्षण, बैठक में चाय नाश्ता/भोजन/बैठक व्यवस्था/लॉजिंग व्यवस्था हेतु

**निविदा आमंत्रण तिथि बढ़ानें की सूचना**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-सूरजपुर द्वारा दवाई यां/कन्ज्यूमेबल्स तथा अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम में सूचर,लैंस,पेंटिग,ब्रांडिंग कार्य तथा प्रशिक्षण, बैठक में चाय नाश्ता/भोजन/बैठक व्यवस्था/लॉजिंग व्यवस्था करने हेतु इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक/10246, 10247, 10248, 10249/NHM/2022 सूरजपुर दिनांक 28.12.2022 के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसकी जानकारी छत्तीसगढ़ संवाद, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय एवं सूरजपुर जिले के वेबसाईट www.surajpur.gov.in में प्रकाशित किया गया था। उक्त निविदा आमंत्रण एवं निविदा खोलने की तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि- | 27.01.2023 को शायं 5:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- (रजिस्टर्ड डाक द्वारा) | 30.01.2023 को दोपहर 3:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि - | 30.01.2023 को दोपहर 3:30 बजे तक |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202301020700033**

**विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व सनः- 2022-2023**
**नमनाकला प.ह.न. 00020 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-हरिराम,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक हरिराम आ0 स्व0 भोन्दू राम, निवासी नमनाकला, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 233/111 रकबा 0.009 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/01/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमामुद्दीन अंसारी आ0 अली हुसैन जाति मुसलमान निवासी-ग्राम/ नगर चरचाकालरी तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 282/9 रकबा 0.016 भूमि को मृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1 खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 09/02/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2022 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार सूरजपुर,जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र-.../अ-6/2022-23

आम जनता ग्राम नरेशपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुमन तिवारी आ0 राजेश तिवारी जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम नरेशपुर तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा ग्राम नरेशपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 36,47,48,58,77,81,603,891, 895 रकबा क्रमशः 0.15, 0.28, 0.28, 0.21, 0.57, 0.18, 0.19, 0.23, 0.17 हे0 कुल 09 प्लाट योग रकबा 2.18 हे0 भूमि के खातेदार वसीयतकर्ता स्व0 शिवब्रत तिवारी आ0 स्व0 देवधारी अपने हिस्से की 1/3 अंश भूमि को आवेदिका के पक्ष में दिनांक 05/05/2021 को सादे कागज में दो गवाहों के समक्ष वसीयतनामा निष्पादित कर दिये हैं। वसीयतकर्ता शिवब्रत तिवारी की मृत्यु दिनांक 11.06.2021 को हो चुका है। जिससे आवेदिका वाद भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु व्यवहार वाद क्रमांक 177-ए/2004 पारित आदेश दिनांक 27.03.2009 मृत्यु प्रमाण पत्र वसीयतनामा की छायाप्रति एवं बी-1 खसरा, नक्शा, की नकल सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण विवादित होने के कारण ई-नामांतरण से प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 07.02.2023 को स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ोने पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार सूरजपुर
जिला-सूरजपुर छ0ग0

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202301021200002/अ-6/2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इरफान खान आ0 मो0 रफीक खान उम्र-43 वर्ष, जाति-मुसलमान, निवासी-रसूलपुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि शीट क्रमांक-08, मोहल्ला-सदररोड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल प्लॉट 2932/2 रकबा 234 वर्गफीट भूमि आवेदकगण एवं अनावेदक मो0 रिजवान खान, नूजहत खातमा, निकहत खातमा आ0 मो0 रफीक खान आ0 मो0 हनीफ , निवासी-नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के संयुक्त स्वामित्व की है। उक्त आवेदित भूमि में से अनावेदक मो0 रिजवान खान, नूजहत खातमा, निकहत खातमा, आ0 मो0 रफीक खान, मो0 रफीक खान, आ0 मो0 हनीफ, निवासी-नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा नजूल प्लॉट 2932/2 रकबा 234 वर्गफीट में से रकबा 188 वर्गफीट भूमि में से उनके हिस्से की है, को पंजीबद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 12.01.2023 के द्वारा हक त्याग आवेदक के पक्ष में कर दिया है। पंजीबद्ध हक त्याग पत्र पंजीयन दिनांक 12.01.2023 के आधार पर अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने बावत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110,छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-13/02/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/01/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


CMYK

# आईसीसी ने पुरुषों की टी 20 आई टीम ऑफ द ईयर 2022 की घोषणा

### बटलर के नेतृत्व वाली टीम पर भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

**नई दिल्ली,23 जनवरी 2023।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सोमवार को मेन्स टी20ई टीम ऑफ द ईयर 2022 का ऐलान किया। 11 सदस्यीय टीम में भारत का दबदबा था क्योंकि ग्यारह में से तीन खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम के थे। भारत ने पिछले साल कुल 40 टी20आई खेल खेले और एशिया कप 2022 में भी भाग लिया, इसके बाद आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2022 हुआ।

### आईसीसी अवार्ड्स में भारत का दिखा जलवा, टी 20 टीम में इन खिलाड़ियों को किया गया शामिल, महिलाओं ने भी दिखाया दम

क्रिकेट की लोकप्रियता भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल हर साल अवार्ड्स की घोषणा करता है। इस बार आईसीसी द्वारा जो टी20 इंटरनेशनल टीम ऑफ द ईयर का ऐलान किया गया है, उसमें भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। भारत की चाहे पुरुष टीम हो या फिर महिला टीम, दोनों में टीम इंडिया के खिलाड़ियों का जबरदस्त दबदबा रहा है। अगर हम आईसीसी 20 पुरुष टीम की बात करें तो इसमें नंबर वन बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को शामिल किया गया है। 11 खिलाड़ियों की सूची में सूर्यकुमार नंबर चार पर मौजूद थे। सूर्यकुमार इसी नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं।

सूर्या के अलावा भारत के विराट कोहली भी 11 में दिखाई दे रहे हैं। विराट कोहली को उनकी परंपरागत बैटिंग ऑर्डर 3 पर रखा गया है। नंबर 7 पर हार्दिक पांड्या को रखा गया है। हार्दिक पांड्या टीम में ऑलराउंडर की भूमिका में रहेंगे। ञ्20 प्लेइंग इलेवन की कप्तानी जॉस बटलर को सौंपी गई है। इसमें भी वह विकेटकीपिंग की भी भूमिका निभाएंगे। वहीं, पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान उनके साथ ओपनर होंगे। नंबर पांच पर न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स, 6 पर जिंबाब्वे के सिकंदरा रजा, 6 पर इंग्लैंड के सैम करन, वानिन्दु हसरंगा, 10 पर हारिश रउफ और 11 पर जोश लिटिल जो कि आयरलैंड के हैं, को शामिल किया गया है।

महिलाओं की बात करें तो इसमें भी चार भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। भारत की स्मृति मंधाना नंबर एक पर है। वही नंबर 7 पर दिप्ति शर्मा है। नंबर आठ पर रिचा घोष है जो कि विकेटकीपिंग की भूमिका निभाएंगी। 11 नंबर पर भारत की रेणुका सिंह हैं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को इसका कप्तान बनाया गया है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की बैथ मूनी हैं। तीसरे पर एस गार्डनर है।




### विराट कोहली

जबकि टी20 विश्व कप 2022 विजेता कप्तान जोस बटलर को टीम के कप्तान के रूप में नामित किया गया था, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली यकीनन साल की टी20 आई टीम में नामित होने वाले सबसे बड़े क्रिकेटर थे। कोहली ने एशिया कप के दौरान शानदार फॉर्म में वापसी की, जहां वह पांच मैचों में 276 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उसी टूर्नामेंट में, कोहली ने अपना पहला शतक और तीन साल में पहला अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया।

इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाया। कोहली अपने पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों पर 82 रन बनाकर नाबाद रहे। कोहली की इस पारी को उनकी अब तक की सबसे बड़ी ञ्20ढ्ढ पारियों में से एक माना जा सकता है। वह 296 रनों के साथ मार्की टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

### सूर्यकुमार यादव

सूर्यकुमार यादव ने वर्ष 2022 का समापन वर्ष के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज के रूप में किया, जो पूरे वर्ष उनके कारनामों के कारण हुआ। वह टी20 प्रारूप में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उन्होंने वर्ष में कुल 1164 रन बनाए और 187.43 की स्ट्राइक रेट से नौ अर्द्धशतक के साथ दो शतक लगाए।

दाएं हाथ का यह बल्लेबाज टी20 विश्व कप में भी भारत के लिए अहम खिलाड़ी साबित हुआ था। उन्होंने 189.68 की स्ट्राइक रेट से कुल 239 रन बनाकर टूर्नामेंट का समापन किया। जबकि कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, सूर्यकुमार कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिन्होंने छह मैचों में 239 रन बनाए।

### हार्दिक पांड्या

2022 की आईसीसी मेन्स टी20आई टीम में शामिल होने वाले एक अन्य स्टार भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या थे। 29 वर्षीय बल्लेबाज का बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार साल रहा। उन्होंने कुल 20 विकेट दर्ज करते हुए प्रारूप में 607 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान 33 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली और भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

आईसीसी मेन्स टी20आई टीम ऑफ़ द ईयर 2022 में खिलाड़ियों की पूरी सूची

- जोस बटलर (इंग्लैंड)
- मोहम्मद रिजवान (पाकिस्तान)
- विराट कोहली (भारत)
- सूर्यकुमार यादव (भारत)
- ग्लेन फिलिप्स (न्यूजीलैंड)
- सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे)
- हार्दिक पांड्या (भारत)
- सैम कुरेन (इंग्लैंड)
- वानिन्दु हसरंगा (श्रीलंका)
- हारिस रऊफ (पाकिस्तान)
- जोश लिटिल (आयरलैंड)

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा एक दिनी मैच आज

**इंदौर,23 जनवरी 2023।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृखंला का तीसरा एवं अंतिम मैच मंगलवार, 24 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम (॥श्चद्यद्मड्डह्म् स्ह्लड्डस्रद्बह्वद्व श्वद्ब ढ्ठठ्ठस्त्रश्वह्द्ध) में खेला जाएगा। मैच के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीमें विमान से इंदौर पहुंच गई हैं। दोनों टीमों के सदस्यों केलिए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। तीसरे एक दिवसीय मैच के लिए नगर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। रविवार दोपहर पौने दो बजे दोनों टीमें विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचीं और यहां से विशेष बसों के माध्यम से दोनों टीमों को उनके होटलों तक पहुंचाया गया है। भारतीय टीम को रेडिसन होटल और न्यूजीलैंड की टीम होटल मेरियट में ठहराया गया है। एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंचे थे, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच खिलाड़ियों की बस सीधे होटल में चली गई, जिससे प्रशंसक निराश नजर आए। इसके बाद खिलाड़ियों को देखने के लिए लोग होटलों के बाहर जमा हो गए। होटलों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया।

बताया गया है कि कुछ खिलाड़ी शाम को यहां अभ्यास कर सकते हैं, जबकि टीमों का ऑफिशियल प्रैक्टिस सेशन सोमवार, 23 जनवरी को होगा। प्रैक्टिस के लिए गेल पवेलियन की ओर तीन-तीन प्रैक्टिस विकेट तैयार किए जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले दोनों एकदिवसीय मुकाबले जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इससे भारतीय टीम के हौसले बुलंद हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम श्रृंखला में क्लीन स्वीप पर बचने का प्रयास करेगी। इसीलिए इंदौर में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।




मैच को लेकर इंदौर पुलिस की तैयारियां भी जोरों पर हैं। मैच के दौरान दर्शकों को भटकना नहीं पड़े, इसके लिए एक हेल्पडेस्क बनाई जा रही है। मैच को लेकर पुलिस ने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, रेवेन्यू विभाग, एमपीसीए सहित कई अन्य विभागों के साथ कोऑर्डिनेट कर लिया है। पुलिस अधिकारी स्टेडियम का निरीक्षण भी कर चुके हैं। इस निरीक्षण में देखा जा चुका है कि पार्किंग की व्यवस्था कहां रहेगी और पुलिस की बैरिकेडिंग कहां कहां रहेगी।

इस संबंध में डीसीपी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि देखने में आया है कि दर्शक को गेट की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। वे कई बार एंट्री के लिए यहां वहां परेशान होते हैं। दर्शकों को संशय न हो, इसके लिए नई व्यवस्था के तहत पार्किंग में ही नए तरह का प्लान लगाया जाएगा, ताकि लोगों को पहले ही पता चल जाए कि उन्हें कहां से एंट्री लेना है। इसके साथ ही अनाउंसर की भी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि एमपीसीए ने सुरक्षा की दृष्टि से कई चीजों पर प्रतिबंध लगाया है, इसलिए दर्शक ऐसी चीजें ले जाने से बचें। साथ ही एमपीसीए ने पूरे इलाके में सीसीटीवी का प्रबंध किया है। पुलिस के घुड़सवार पुलिसकर्मी भी यहां सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों सहित अग्निशमन यंत्र भी रहेंगे। सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ रिहर्सल की जाएगी। इसके बाद पुलिस की फाइनल फोर्स यहां सुरक्षा व्यवस्था में लग जाएगी।



# बेनसिच को हराकर सबालेंका टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न ,23 जनवरी 2023।** पांचवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने सोमवार को यहां बेलिंडा बेनसिच को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बेनसिच ने डबल फॉल्ट करके पहला सेट गंवाया और इसके बाद सबालेंका ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और दूसरी वरीय ओंस जाबूर पहले ही हारकर बाहर हो चुकी हैं।

तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला महिला एकल के अंतिम आठ में पहुंचने वाली सर्वोच्च वरीय खिलाड़ी है। सबालेंका ने मैच के बाद कहा,'' मैं आज जीत दर्ज करके बहुत खुश हूं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और बहुत अच्छा खेल दिखा रही है। आज मैंने जिस स्तर की टेनिस खेली उससे मैं वास्तव में खुश हूं।



# अल्लू अर्जुन पुष्पा : द रूल एक्शन सीक्सेंस शूट के लिए विजाग पहुंचे

तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन पुष्पा : द रूल एक्शन सीक्वेंस शूट के लिए विजाग पहुंचे हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ब्लॉकबस्टर हिट रही है। फिलहाल, पुष्पाः द राइज की टीम 10 दिन की शूटिंग के लिए विजाग में है। इन 10 दिनों में मेकर्स अल्लू अर्जुन के साथ एक फाइट सीक्वेंस सहित कई सीक्वेंस राउंड अप करेंगे।

सुपरस्टार फिलहाल इस सीक्वेंस के लिए लंबे बाल कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म पुष्पा : द रूल की शूटिंग 21 जनवरी से शुरू हुई। अभिनेता अल्लू अर्जुन के एक फैनक्लब ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें उनके फैंस अल्लू अर्जुन पर फूलों की बरसात कर रहे हैं, वहीं अभिनेता ने अपनी कार के सनरूफ के माध्यम से अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया।

पुष्पा फ्रैंचाइजी ने अपनी पूरी तरह से मनोरंजक कहानी कहने, ऊ अंतवा जैसे सुपरहिट गाने, अल्लू अर्जुन के पावर-पैक डायलॉग्स और फहद फासिल के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए एक रॉक-सॉलिड फैनबेस तैयार किया है।


# क्रॉप टॉप में पलक तिवारी ने दिखाई ऐसी अदाएं

टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। पलक तिवारी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाती है। साथ ही फैंस उनकी तस्वीरों की तारीफ करने से नहीं चूकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस पलक ने सोशल मीडिया पर लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका लुक बेहद ही क्लासी दिखाई दे रहा है। पलक तिवारी इन दिनों सोशल मीडिया का चर्चित चेहरा बन चुकी हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी अदाओं से फैंस को इंप्रेस करना कभी नहीं भूलती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच धमाल मचाती रहती हैं। हाल ही में पलक तिवारी के लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में पलक तिवारी का हॉटनेस भरा अवतार देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। पलक तिवारी ने इस ग्लैमरस और हॉट फोटोशूट के लिए डेनिम जींस और ब्लू कलर के फर लुक वाले आउटफिट को चुना है। एक्ट्रेस पलक तिवारी इन तस्वीरों में सिजलिंग पोज देते हुए बेहद ही हॉट और सेक्सी नजर आ रही हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर कॉमेंट करते रहते हैं। एक यूजर ने उनकी तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- हॉट तो वहीं दूसरे यूजर ने उन्हें गॉर्जियस लिखा है। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हर अवतार से फैंस को अपना कायल कर देती हैं। अगर वर्कफ्रंट की बात करे तो अभिनेत्री पलक जल्दी ही विवेक ओबरॉय के साथ फिल्म रोजी से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं।



# अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की सेल्फी का ट्रेलर जारी

अक्षय कुमार ने कुछ दिनों पहले ही अपनी आने वाली फिल्म सेल्फी से अपना पहला लुक शेयर किया था। इस फिल्म में वह और इमरान हाशमी आमने-सामने होंगे। फिल्म की कहानी एक स्टार और उसके फैन पर आधारित है। कुछ समय पहले अक्षय ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा करते हुए यह जानकारी दी थी। इसके बाद से ही प्रशंसकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था। रविवार को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। फिल्म में अक्षय, विजय नाम के फिल्मस्टार के किरदार में हैं। इमरान का किरदार ओम प्रकाश खुद को विजय का सबसे बड़ा फैन मानता है और विजय के साथ सेल्फी लेना उसका सपना है। कहानी में मोड़ आता है और विजय की अकड़ ओम प्रकाश को उसका दुश्मन बना देती है। ट्रेलर देखकर कई जगह शाहरुख खान की फिल्म फैन की याद आती है। ट्रेलर में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी गाना दर्शकों के लिए सरप्राइज के रूप में आता है। फिल्म सेल्फी में अक्षय के साथ इमरान हाशमी, डायना पेंटी और नुसरत भरूचा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पहली बार अक्षय और इमरान की जोड़ी एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है। यह फिल्म 24 फरवरी को रिलीज होगी।



### सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की

# मेजबानी चाहता है भारत



**नईदिल्ली,23 जनवरी 2023।** भारतीय बैडमिंटन संघ ने खेल की विश्व संस्था को पत्र लिखकर सुदीरमन कप और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाई है।

भारत को 2023 में मिश्रित टीम चैंपियनशिप की मेजबानी करनी थी लेकिन विश्व बैडमिंटन महासंघ ने इसके मेजबानी अधिकार चीन के सुजोउ को सौंप दिए जबकि भारत को 2026 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी।

सुजोउ को 2021 में इस चैंपियनशिप का आयोजन करना था लेकिन चीन में कोविड-19 की बिगड़ती स्थिति के कारण वह इसकी मेजबानी नहीं कर पाया था। चीन में अब भी कोविड-19 की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है और इसे देखते हुए 14 से 21 मई के बीच होने वाले सुदीरमन कप को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि भारत इस साल सुदीरमन कप की मेजबानी करने का इच्छुक है। हमने इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ को पत्र लिखा है और हमें सकारात्मक जवाब मिलने की उम्मीद है।

मिश्रा ने कहा कि भारत इसके अलावा जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने का भी इच्छुक है।

उन्होंने कहा, हमने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने में भी दिलचस्पी दिखाई है। इसकी मेजबानी अमेरिका को सौंपी गई थी लेकिन अब वह इससे हट गया है। भारत ने अपनी दिलचस्पी दिखाई है लेकिन अभी तक हमें बीडब्ल्यूएफ से कोई जवाब नहीं मिला है।

मिश्रा ने कहा, यदि हमें सुदीरमन कप की मेजबानी मिल जाती है तो हो सकता है कि जूनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए हमें अगले चक्र तक इंतजार करना पड़ेगा।

# रवींद्र जडेजा कप्तानी को तैयार,जूनियर जडेजा भी खेलेंगे

**नईदिल्ली,23 जनवरी 2023।** रवींद्र जडेजा फिर से मैदान पर उतरने को तैयार हैं. बीसीसीआई ने पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले 2 टेस्ट के लिए टीम घोषित की. सीरीज के लिए जडेजा को भी टीम में जगह मिली है. हालांकि इससे पहले उन्हें फिटनेस साबित करना होगा. टेस्ट सीरीज की शुरुआत 9 फरवरी से होनी है. भारतीय ऑलराउंडर जडेजा टेस्ट सीरीज से पहले फिटनेस हासिल करने के लिए कल से रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेलने उतरेंगे. उन्हें सौराष्ट्र टीम का कप्तान बनाया गया है. तमिलनाडु के खिलाफ 4 दिवसीय मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम चेपक में खेला जाना है.














# छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम में घोटाला

### एक ही कंप्यूटर से भरे गए 130 करोड़ के अलग-अलग कंपनियों के टेंडर

**रायपुर,23 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम से एक और भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है, इसबार पाठ्यपुस्तक निगम में करीब 130 करोड़ का ई टेंडर घोटाला सामने आया है।

आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस साल भी 2023-24 के लिए विभाग ने स्कूली बच्चों के पुस्तकों की छपाई के लिए करीब 10,000 टन कागजों खरीदी की निविदा निकाली थी। हर वर्ष 130 करोड़ की खरीदी की जाती है। छपाई के बाद इन किताबों का वितरण हर साल विभाग स्कूली बच्चों को करता है।

### इन कंपनियों ने भरा था टेंडर

शाह पेपर मिल्स लिमिटेड, गुजरात
सेथिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पंजाब
चढ्ढा पेपर्स लिमिटेड, उत्तर प्रदेश
श्रेयांस इंडस्ट्रीज, दिल्ली

जिनमें कि गुजरात की मे. शाह पेपर मिल्स लिमिटेड, वापी, गुजरात द्वारा टेंडर के लिए लोवर रेट मिला। बता दें कि इस कंपनी ने 1,18,800 अतिरिक्त जीएसटी का रेट भरा था। सरकार ने एक लाख 13 हजार अतिरिक्त जीएसटी के साथ यह टेंडर 3000 मिट्रीक टन 70 जीएसएम पेपर खरीदने के लिए गुजरात की कंपनी को दे दिया। एल1 के आधार पर बाकी 3 कंपनियों से निगोशिएशन कर लिया गया।




अब इसे इत्तेफाक कहें या युनियोजित घोटाला देश के अलग अलग राज्यों की कंपनियों ने एक ही दिन 19 सितंबर 2022 को एक घंटे के अंतराल में ही टेंडर भर दिया। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि चार अलग अलग कंपनियों ने टेंडर का फाइनल सब्मिशन एक ही सिस्टम या लैपटॉप से किया जिसका सिस्टम इंफॉर्मेशन क्रमांक- डब्ल्यूआईएन-0617ओक्यूकेएनपीएच7 है।

### ये है चौकाने वाले इत्तेफाक

19 सितंबर 2022 को ही चार अलग-अलग राज्यों की कंपनियों ने भरा टेंडर

एक ही दिन एक घंटे के अंतराल में भरा गया

सबसे चौकाने वाली बात की सभी कंपनियें ने एक ही कंप्यूटर या लैपटॉप से टेंडर भरा, जिसका इंफॉर्मेशन क्रमांक- डब्ल्यूआईएन-0617ओक्यूकेएनपीएच7 है।

### समझ से परे पाठ्य पुस्तक निगम की कारस्तानी

आपको बता दें टेंडर फाइनल करने के कई नियम होते हैं। जिसमें पहले टेंडरों की स्क्रूटनी की जाती है। कंपनी की भूमिका भी जांची जाती है। कई स्तरों पर दस्तावेजों की जांच के बाद ही किसी कंपनी को एक टेंडर दिया जाता है। ऐसे में पाठ्य पुस्तक निगम की यह कारस्तानी समझ से परे हैं। क्या विभाग ने कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच नहीं की या उपरी स्तर पर कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए 130 करोड़ का यह टेंडर चार कंपनियों को दे दिया गया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी 78 रु का कागज 113 रुपए में खरीदा जा चुका है। इसकी शिकायत भी ईओडब्लू में की जा चुकी है।




## राज्यपाल को क्रिकेट मैच देखने का आमंत्रण नहीं मिलने से खफा

**रायपुर,23 जनवरी 2023(ए)।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में पहली बार हुए कल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ।छत्तीसगढ़ में हुए भारत और न्यूजीलैंड के मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में फैंस स्टेडियम में पहुंचे था।

इस मैच में जहां सीएम भूपेश बघेल अपने मंत्रियों के साथ बैठे थे, वहीं बिलासपुर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, लेकिन इन सबके बीच राज्यपाल अनुसुइया उइके नदारद थीं।

इससे राजभवन काफी खफा है। सूत्रों की माने तो इस मामले में राजभवन द्वारा भारत सरकार को और बीसीसीआई को पत्र लिखे जाने की बात सामने आ रही है। राजभवन की और से नाराजगी इस बात पर भी है कि राज्य शासन की तरफ से भी उन्हें कोई निमंत्रण नहीं मिला।

सरकारी सूत्रों का इस पर सफाई है कि, अंतरराष्ट्रीय मैच की सारी व्यवस्था आईसीसी और बीसीसीआई के नियमों और प्रोटोकॉल के तहत होती हैं। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं रहता है।

राज्य सरकार बीसीसीआई को सिर्फ स्टेडियम उपलब्ध कराती है और सुरक्षा का जिम्मा होता है। अफसरों का कहना है, इस मैच से छत्तीसगढ़ और रायपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है। पहले अंतरराष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन ने छत्तीसगढ़ की इमेज ब्रांडिंग ही की है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले-मनी लॉन्ड्रिंग में एक और व्यापारी गिरफ्तार



**रायपुर,23 जनवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी और निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई के बाद अब एक और गिरफ्तारी की गई है।

ईडी की टीम ने भिलाई के जमीन कारोबारी दीपेश टांक के नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी दीपेश टांक को आज कोर्ट में पेश किया। इस मामले में अभी कोर्ट में सुनवाई जारी है।

इससे पहले छत्तीसगढ़ में मनी लॉन्ड्रिंग और कोयला लेवी घोटाले में छत्तीसगढ़ में छापेमारी करते हुए नौकरशाहों, अधिकारियों, कारोबारी और ठेकेदारों के ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी। इस मामले में कईयों की गिरफ्तारी भी पहले हो चुकी है।

### नक्सलियों ने पुलिया निर्माण में लगे 2 वाहनों को किया आग के हवाले



**सुकमा, 23 जनवरी 2023 (ए)।** जिले के चिंतलनार से करीब 02 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोत्तागुड़ा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य में लगे 02 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। हालांकि आगजनी के दौरान किसी भी जनहानि की खबर घटना स्थल से सामने नहीं आई है। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने आगजनी की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों ने आगजनी की है, सुरक्षाबल के जवानों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।

## लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं यह जानने आपके बीच आया हूँ

**रायपुर,23 जनवरी 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं यह जानने आपके बीच आया हूँ। धान खरीदी में देश में छत्तीसगढ का पंजाब के बाद दूसरा स्थान है। अब तक 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो गई है। छत्तीसगढ में लगभग 23 लाख किसान धान बेच कर लाभांवित हुए है। धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था के लिए धान खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई। राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों से किसानों की संख्या और खेती का रकबा बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन क्षेत्रों में वनवासियों को आय और रोजगार के साधन उपलब्ध कराने 65 प्रकार की लघु वनोपज की खरीदी की जा रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 31 मार्च को मिलेगा। भेंट-मुलाकात में खमरिया के नेमसिंग ने बताया की उनकी 45 एकड़ की खेती है। 4.25 लाख रुपए का कर्ज माफहुआ। घर खर्च के बाद बोर खनन, ट्रैक्टर, कार, बहु और पत्नी के लिए गहना खरीदा। उन्होंने खमरिया में मिडिल स्कूल की मांग की।

धन्नू लाल चतुर्वेदी सरोरा निवासी ने कहा की उनका 1 लाख 20 हजार का कर्ज माफ हुआ है। शरद वर्मा नेवरा निवासी ने बताया की 30 हजार का कर्ज माफ हुआ।किराना दुकान चलाता हूँ । नेवरा में सिटी बस चालू करने की



मांग की। दिनेश सोनी नेवरा निवासी ने हाई स्कूल सासाहोली स्कूल का उन्नयन करने की मांग की। नेवरा की जानकी ने बताया की राशन का समान मिलता है। गौठान से भी कमाई हुई है।

### भूपेश बघेल ने पुरैना-खपरी में हितग्राहियों को सामग्री और राशि वितरित की

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम पुरैना-खपरी में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शिरकत किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और चेक वितरित किए। मछली पालन विभाग के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों में से दीनबंधु लहरे को आईस बॉक्स, छोहरी बाई बंजारे को जाल तथा ग्राम पुरैना खपरी से कावेरी साहू को आईस बॉक्स प्रदान किए। इसी प्रकार ग्राम ताराशिव से श्री ईमिर सिंग पटेल, राजकुमार पटेल को जाल और बद्री प्रसाद पटेल को आईस बॉक्स प्रदान किया गया।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशक्त विवाह योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों में ग्राम गबौद से श्री सुलेन्द्र कुमार कुर्रे को 1 लाख रूपए तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत ग्राम वार्ड 04 नगर पंचायत पलारी से श्रीमती यशोदा देवांगन और वार्ड 03 नगर पंचायत पलारी की श्रीमती सविता जायसवाल को 20 हजार रूपए की राशि प्रदान की।

इसी प्रकार सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत ग्राम वार्ड क्रमांक 06 इंदिरा कॉलोनी सोनपुरी रोड नगर पालिका बलौदाबाजार से ईश्वर साहू, ग्राम बिटकुली से जेठूराम पटेल और ग्राम- पोस्ट नयापारा तहसील, विकासखण्ड बलौदाबाजार से कु. बैसाखीन निषाद को ट्रायसायकल प्रदान किए। इसी प्रकार ग्राम पोस्ट कोनारी विकासखण्ड पलारी से हेम कुमार बंजारे और सदर वार्ड भाटापारा नगर पालिका भाटापारा से कमल कुमार बांधे को मोट्राईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किए गए। इसी प्रकार उभयलिंगी व्यक्ति योजना के तहत ग्राम चिचिरदा से हेमंत कुमार, ग्राम लटुवा से सुरेश पैकरा तथा ग्राम पुरेनाखपरी से महेन्द्र निषाद को उभयलिंगी आई.डी. कार्ड/प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



## आरक्षण का मामला फिर पहुंचा हाइकोर्ट

### अब राज्यपाल के खिलाफ लगी याचिका

**बिलासपुर ,23 जनवरी 2023 (ए)।** आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट पहुंच गया है,अधिवक्ता हिमांक सलूजा ने आरक्षण बिल पास होने के बाद राज्यपाल के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने के विरुद्ध एक रिट याचिका प्रस्तुत कर दिया है, हालांकि अगली सुनवाई की तारीख फिलहाल तय नहीं है।

छत्तीसगढ़ में आरक्षण का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है, इससे पहले बढ़ाए गए आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद 58त्न से घटकर 50त्न आरक्षण हो गया है, जैसे ही सितंबर में हाईकोर्ट का आरक्षण को लेकर आदेश पारित हुआ था, उसके बाद से प्रदेश भर में आरक्षण को लेकर धरना प्रदर्शन और विरोध लगातार चल रहा है। इधर राज्य सरकार द्वारा आरक्षण को 50 से बढ़ाकर 76त्न किए जाने के बाद बिल पास करके राज्यपाल के पास हस्ताक्षर के लिए भेज दिया गया। तब से लेकर अब तक उस बिल पर हस्ताक्षर नहीं होने को लेकर राजनीतिक गलियारों में इसको लेकर आरोप-प्रत्यारोप तो चल ही रहा है। वहीं अब यह मुद्दा छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में भी रिट याचिका के रूप में लगा दिया गया है। याचिकाकर्ता ने मांग किया है कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट राज्यपाल अनुसुइया उइके को निर्देशित करें कि वह जल्द से जल्द पास बिल पर हस्ताक्षर करें, ताकि प्रदेशभर के लोगों को आरक्षण का जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

बहरहाल देखना यह होगा कि दायर रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान सभी पक्ष अपना दलील क्या रखते हैं और हाईकोर्ट इस बढ़े हुए आरक्षण को लेकर अपना क्या फैसला सुनाता हैं ।

## रायपुर की लेडी डॉन वृद्धि साहू गिरफ्तार

### दलदल सिवनी में दो लोगों की हत्या के मामले में चल रही थी फरार

**रायपुर,23 जनवरी 2023 (ए)।** राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र के दलदल सिवनी में 2 लोगों की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मास्टर माइंड महिला आरोपी वृद्धि साहू गिरफ्तार किया गया है। 8 आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुरानी रंजिश को लेकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था।

दरअसल 16 जनवरी को थाना पंडरी क्षेत्रांतर्गत स्थित दलदल सिवनी में आरोपियों ने एक रॉय होकर गोकुल निषाद और जीतू की चाकू मारकर हत्या का दी गई थी। इस मामले में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूर्व में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा चुकी है।



प्रकरण के मास्टर माइंड आरोपिया वृद्धि साहू घटना के बाद लगातार फरार चल रही थी। इसी दौरान आज आरोपिया वृद्धि साहू के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। रोपिया वृद्धि साहू को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की गई। आरोपिया पूर्व में भी थाना आजाद चौक से अपहरण एवं आई.टी एक्ट के प्रकरणों में 2 बार जेल निरूद्ध रह चुकी है।

गिरफ्तार ङ्क वृद्धि साहू पति सन्नी मनवानी उम्र 22 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्ट 01, एलआईजी 104, सड्डू थाना विधानसभा रायपुर स्थाई पता ग्राम कठिया ग्राम पंचायत के पास थाना कोतवाली बेमेतरा।

## दुर्ग के बहुचर्चित हत्या कांड में रावलमल जैन के बेटे संदीप को फांसी

### आदेश सुनते ही कोर्ट में हुआ बेहोश

**रायपुर/भिलाई ,23 जनवरी 2023 (ए)।** दुर्ग शहर के बहुचर्चित रावलमल जैन 'मणि' दंपत्ति हत्याकांड पर दुर्ग न्यायालय ने सोमवार को फैसला सुना दिया है। पांच साल पुराने इस मामले में पिता और माता की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पुत्र को अदालत ने दोषी करार दिया है, और उसे फांसी की सजा सुनाई। आरोपी को हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल सप्लाई करने वाले आरोपियों को भी अदालत ने 5-5 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है।



बताया जाता है कि अदालत द्वारा दोषी करार दिए जाने पर अभियुक्त संदीप जैन कटघरे में ही बेहोश हो गया। वर्ष 2018 का आगाज ही इस दोहरे हत्याकांड से हुई थी। एक जनवरी 2018 की तडक़े नगपुरा पार्श्वनाथ तीर्थ के ट्रस्टी रावलमल जैन व उनकी पत्नी सुरजी देवी जैन की उनके गंजपारा स्थित निवास में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मामले की जांच में जुटी दुर्ग पुलिस ने रावलमल जैन के बेटे संदीप जैन को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था।

प्रकरण पर विचारण न्यायाधीश शैलेष तिवारी की अदालत में किया जा रहा था। विचारण पश्चात न्यायाधीश ने माता पिता की हत्या का दोषी करार दिया है। इस मामले में यह भी सामने आया था कि आरोपी बेटे को हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल और कारतूस शैलेन्द्र सिंह सागर और भगत सिंह गुरुदत्ता ने सप्लाई की थी। इन दोनों आरोपियों को भी दोषी ठहराया गया है।

## पुरानी पेंशन बहाल योजना को लेकर नया निर्देश जारी

### अब इस आधार पर लागू होगा ओपीएस

**रायपुर,23 जनवरी 2023 (ए)।** पुरानी पेंशन बहाल योजना को लेकर नया निर्देश जारी किया गया है। कैबिनेट में लिए गए फैसले पर वित्त विभाग ने नया आदेश जारी कर दिया है जिसके बाद अब यह तय हो गया है कि 1 अप्रैल 2022 से ही ओपीएस प्रभावशील होगा। जो नए प्रावधान बनाए गए हैं उसके तहत 1 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त हुए शासकीय सेवकों को एनपीएस और ओपीएस में से किसी एक योजना का चुनाव करने का विकल्प दिया जाएगा।



यदि कर्मचारी ओपीएस की योजना का चुनाव करता है तो उसे अब तक मिले शासकीय अंशदान और उसमें अर्जित लाभांश की राशि शासकीय खाते में जमा करनी होगी उसके बाद ही उसे ओपीएस का लाभ दिया जाएगा ।

## बस्तर में हुई हिंसा में भाजपा का हाथ, शामिल लोगों के खिलाफ पर्याप्त सबूत:वृंदा करात

**रायपुर,23 जनवरी 2023 (ए)।** धर्मांतरण के मुद्दे पर हुई हिंसा की जांच करने सीपीआई (एम) और आदिवासी अधिकार मंच की फैक्ट फाइंडिग टीम ने बस्तर का दौरा किया. टीम ने पाया कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी खुद को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं, खासकर महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है।

फैक्ट फाइंडिग टीम की सदस्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने रायपुर में मीडिया से चर्चा में कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफपर्याप्त सबूत है, वीडियो एविडेन्स है, मामला कोर्ट तक भी पहुँच गया है. हमने मुद्दे पर मुख्यमंत्री से कार्रवाई की माँग की है. पूरे घटनाक्रम के पीछे भाजपा के लोगों का हाथ बताया है. छत्तीसगढ़ में जो मुद्दा नहीं है, उसे चुनाव के मद्देनजर मुद्दा बनाया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि पिछले 3 दिनों में बस्तर के नार्थ इलाके में आदिवासी संगठन, जिला प्रशासन के अधिकारी और कई विक्टिम्स सहित 100 से अधिक लोगों के साथ बैठक किए है. जांच में सामने आए तथ्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का एक भी कैबिनेट मंत्री घटना की जानकारी लेने मौके पर नहीं पहुँचे थे।



वृंदा करात ने कहा कि बस्तर की स्थिति बहुत बुरी हो चुकी है. एक शव को जमीन पर गाड़ने नहीं दिया जा रहा है. ऐसी घटनाएं तो पूरे देशभर में नहीं होती है. प्रदेश में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण जैसा कोई मुद्दा ही नहीं दिख रहा है, इसे सिर्फ राजनैतिक एजेंडा बनाकर भाजपा नुकसान पहुंचा रही है.

करात ने कहा कि जन जातीय सुरक्षा समिति में बीजेपी के नेता शामिल है, इस घटनाक्रम में पूर्व विधायक का भी नाम सामने आया है. पूरे घटनाक्रम की जाँच में पाया कि राजनैतिक लाभ के लिए ऐसी स्थिति बना रहे हैं. इस पूरे घटना के कई और अपराधी अभी बाहर है, जिसके चलते वहाँ डर का माहौल बना हुआ है.इसके साथ वरिष्ठ वाम नेता ने आरोप लगाया कि सरकार की तरफ से एक भी मुआवजा का पैसा नही पहुँचा है. नुकसान की कोई गणना नहीं की गई है. सरकार ने अपने दायित्व का निर्वहन अब तक नहीं किया है. हमें उम्मीद है, सरकार इस पर निर्णय लेते हुए घटना के जिम्मेदारों को तत्काल कार्रवाई करेगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)